## संक्षिप्त खबरें

### पुराने थानाध्यक्ष की विदाई व नये थानाध्यक्ष का हुआ स्वागत

फतुहा। मंगलवार को रेल थानाध्यक्ष गनौरी दास के स्थानांतरण पर विदाई और नये थानाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष गनौरी दास ने बताया कि स्थानांतरण सरकारी प्रक्रिया है और फतुहा जंक्शन में मेरा कार्यकाल बहुत अच्छा रहा, लोगों का खूब सपोर्ट मिला है। वहीं नये थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। यात्रियों को हरसंभव मदद किया जाएगा। कार्यक्रम में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा, अपर थानाध्यक्ष राजनीति प्रसाद, साहित्यकार रामयतन यादव, डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह, भूषण प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, अमरेश सिंह, गौरव गुप्ता, सुरजीत पांडेय, मनीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### मुख्य पार्षद रुपा कुमारी ने डांडिया महोत्सव का किया उद्घाटन

फतुहा। मंगलवार को सोनारू स्थित ग्रीन वाटिका मैरिज हॉल में नवरात्र के शुभ अवसर पर एमडीएस डांस स्टुडियो, कमलदीप कुमार द्वारा डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। डांडिया महोत्सव का उद्घाटन मुख्य पार्षद रुपा कुमारी ने फीता काट किया। उन्होंने कहा कि डांडिया और गरबा, संस्कृति से जुड़ी बहुत ही कोमल नृत्य शैली है। यह सामाजिक समानता और समरसता के भाव को बढ़ाता है और परिचय और संबंधों को मजबूत करता है। दुर्गा पूजा से जुड़कर इसकी महत्ता और मयार्दा दोनों और भी बढ़ जाती है। डांडिया महोत्सव में सैंकड़ों महिलाओं ने डांडिया गरबा नृत्य में भाग लिया। खासकर डांडिया गरबा नृत्य को लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहे। कार्यक्रम का संचालन दशरथ कुमार ने किया।

### ऑटो में बैठाकर यात्रियों से लुट-पाट करने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपसपुर पुलिस नेऑटो में बैठाकर यात्रियों से लुट-पाट करने वाले गिरोह के तीन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। लुटेरे के पास से 20 हजार नगद रुपए, एक सोने का चेन व ऑटो बरामद किया गया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए एएसपी दीक्षा भार्गव ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि पाटलीपुत्रा स्टेशन के पास ऑटो में बैठाकर यात्रियों से लुट-पाट करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य पाटलीपुत्रा स्टेशन रोड में लुट-पाट करने की योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए रूपसपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम की गठन कर पाटलीपुत्रा स्टेशन के समीप पहुंचा गया तो एक ऑटो चालक पुलिस देख ऑटो लेकर भागने लगा तथा तीन अन्य व्यक्ति इधर उधर भागने लगे। पुलिस की टीम ने पीछा करते हुए चितकोहरा पुल के नीचे तीन बदमाशों को धर दबोचा गया। जबकी एक बदमाश भागने में कामयाब रहा जिसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गये लुटेरे ऑटो चालक टुनटुन खलीफा, पप्पु कुमार, एवं भोला नट है। जिनके पास से 20 हजार रुपए नगद एवं एक टूटा हुआ सोने का चेन बरामद करते हुए ऑटो को जब्त किया गया है। उन्होने बताया कि बदमाश पप्पू कुमार एवं भोला नट का अपराधिक इतियास रहा है उनके ऊपर सचिवालय व महुआ वैशाली थाना में मामला दर्ज है। इनके मुख्य सरगना की भी तलाश की जाएगी। फिलहाल तीनों आरोपितों से पूछताछ व कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने दी गई है

### रेलवे एक्ट के तहत 21 गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रेल लाइन पार करते हुए एक, महिला कोच से चौदह और अवैध रूप से रिजर्व बोगी में यात्रा करते छः को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के विरुद्ध नियम संगत कारवाई कर छोड़ दिया गया।

### गुजराती परिवार कर रहा परंपरागत डांडिया

पटना सिटी (प्राक)। गुजराती समाज के द्वारा गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन परिसर में डांडिया का आयोजन चल रहा है। यहां भगवती की प्रतिमा के समक्ष पहले सभी पूजा-अर्चना कर पुष्प निवेदित करते हैं। इसके बाद सभी डांडिया खेलते हैं। परंपरागत रूप से खेले जाने वाले डांडिया में हर आयु वर्ग के महिला व पुरुष भाग ले रहे हैं। इसके आयोजन में जयंती लाल मेहता, रमेश कमदर, पंकज कोठारी, राजेश वोरा, नितिन व्यास, जिनेश मेहता, दीपक पारेख आदि सक्रिय हैं। यह आयोजन प्रतिदिन रात 8 से रात तक होता है। इसे देखने अन्य समाज के लोग भी पहुंचते हैं। कभी-कभी तो वे सभी डांडिया रास में भाग लेते हैं।

# पटना जू में आयोजित वन्यप्राणी सप्ताह का हुआ समापन

- हमारे आस-पास के पक्षी, ई-पुस्तक -फ़्लोरा एंड फौना, पटना चिड़ियाघर गतिविधि कैलेंडर-2025 का मंत्री प्रेम कुमार ने किया लोकार्पण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना : संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना में वन्यप्राणी सप्ताह के समापन दिन मंगलवार (08-10-2024) को बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने गौरैया संरक्षणविद् संजय कुमार और पर्यावरणयोद्धा निशांत रंजन की पुस्तक हमारे आस पास के पक्षी का लोकार्पण किया। साथ ही पटना जू के निदेशक सत्यजित कुमार की ई-पुस्तक फ़्लोरा एंड फौना, पटना चिड़ियाघर गतिविधि कैलेंडर-2025 और स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर फॉर एनुअल वाटर बर्ड सेन्सस का भी विमोचन किया।

मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वन्यप्राणी सप्ताहह्व का उद्देश्य रहा है कि हर हाल में वन्य जीवों का संवर्धन और संरक्षण हो और इसके लिए जागरूकता जरुरी है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवन का संरक्षण में कोई बाधा होगी तो, उसे दूर किया जायेगा। साथ ही वन्य जीवों के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख़्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि गौरैया सहित सभी जीव जंतुओं का संरक्षण में सरकारी और आम लोग सामने आये हैं लेकिन इसमें और जन भागीदारी जरुरी है। मौके पर संजय गाँधी जैविक उद्यान के निदेशक सत्यजीत कुमार ने कहा कि ई-पुस्तक फ़्लोरा एंड फौना में वनस्पति और जीव जंतु के बारे में विस्तार से है और पटना चिड़ियाघर गतिविधि कैलेंडर-2025 में पूरे साल भर क्या क्या गतिविधि होगी उसे रखा गया हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में जू अम्बेस्डरों की भूमिका सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि पटना जू को गौरैया की घर वापसी की जिम्मेदारी मिली है और वन्यप्राणी सप्ताह में इस पर लेकर कार्ययोजना बनी है जिसे गौरैया संरक्षणविद् संजय कुमार अंतिम रूप दे रहे हैं। हमारे आस पास के पक्षी पुस्तक के बारे में निदेशक ने कहा कि इससे बच्चे जुड़ेंगे। मौके पर गौरैया संरक्षणविद् एवं पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि ह्यहमारे आस पास के पक्षीह्न पुस्तक वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में एक कदम है जो बच्चों और लोगों को अभियान से जोड़ेगा। इसमें हमारे आसपास की 52 चिड़ियों के बारे में फोटो सहित रेखांकित किया गया है।

इस अवसर पर पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना के निदेशक अभय कुमार ने कहा कि वन्यप्राणी सप्ताह ने सन्देश देने का काम किया है। ऐसे आयोजनों से वन्य जीवों के प्रति लोगों में चेतना जगती है। जेडएसआई पटना के पूर्व निदेशक, डॉ० गोपाल शर्मा ने कहा कि वन्य प्राणियों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है, कानून का भय भी है लेकिन डोल्फिन संरक्षण में और गति की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मौके पर जू के उप निदेशक शशि भूषण प्रसाद, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी जन्तु प्रक्षेत्र आनन्द कुमार, अरविन्द कुमार वर्मा, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, वनस्पति प्रक्षेत्र मो० आरिफ, जू-बायोलॉजिस्ट के साथ-साथ जू-एम्बेसडर्स एवं जू के कर्मी मौजूद थे। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं और जूकर्मियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

# कलरात्रि की उपासना आज, दुर्गा देवी का कल्पारंभ, देवी बोधन व आमंत्रण अधिवास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



शारदीय नवरात्रि में मंगलवार को भक्तों ने दुर्गा देवी का कल्पारंभ, देवी बोधन व बेल्वा आमंत्रण अधिवास का अनुष्ठान श्री बड़ी देवी जी महाराजगंज व अन्य पूजा स्थानों पर किया गया। भक्तों की ओर से देवी के छठे स्वरूप कात्यायनी की उपासना मंगलवार को की गई। बुधवार को भक्त के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-उपासना की जाएगी। वही मंगल तालाब के डेरा पर स्थित अश्वनी काली मंदिर में भगवती के चरण दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यहां पुजारी आचार्य शशिकांत मिश्रा की देखरेख में भगवती की पूजा-अर्चना जारी है। शक्तिपीठ मंदिरों व देवी मंदिरों में गुरुवार की मध्य रात्रि निशा पूजा का अनुष्ठान किया जाएगा। इसी प्रकार श्री बड़ी देवी जी मारुफगंज में बुधवार को षष्ठी पूजा व आमंत्रण अधिवास का अनुष्ठान होगा। देवी के छठे स्वरूप की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ श्री बड़ी व छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में जुट रही है। शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि गुरुवार की रात महानिशा पूजा व शुक्रवार को महाअष्टमी व्रत होगा। छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, गड़हा पटनदेवी मंदिर के बबलू पांडेय, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी, खाजेकलां पानीटंकी करके प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा की देखरेख में अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया जा रहा है।

# दो दिवसीय नवमी बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का हुआ समापन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वाधान में सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ पटना के द्वारा दो दिवसीय नवमी बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप -24 का शानदार समापन सह पुरस्कार वितरण समरोह में मुख्य अतिथि माननीय विधायक संजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जी न्यूज के ब्यूरो चीफ रजनीश जी तथा पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी ने आज पटना के नसीब स्पोर्ट्स एकेडमी रुकनपुरा में बच्चों को ट्राफी तथा मेडल एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत साफ्ट टेनिस एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार तथा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक आजाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ीयो को संबोधित करते हुए लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह ने बिहार में साफ्ट टेनिस के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने की बात कही।उन्होंने कहा की जल्द ही साफ्ट टेनिस के विकास के लिए मंत्री से मिलकर खिलाड़ी के सुविधा के लिए हमलोग मिलकर अच्छे योजनाओं पर काम करेंगे। डीप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी ने साफ्ट टेनिस खेल के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रयास करने की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार रजनीश जी ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ीयो के सहयोग में हर संभव ततपर रहने की बात कहें। अतिथियों का स्वागत करते हुए महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया की इस मैच के रिजल्ट के आधार पर जूनियर तथा सब जूनियर ओपेन के नेशनल के लिए चंडीगढ़ जाएंगे। साथ हीं आगामी योजनाओं की जानकारी दिए।इसके साथ अंतर्राष्ट्रीय खेलने चीन जाने वाले तीन खिलाड़ियों का परिचय करवाया तथा जीत की शुभकामनाएं दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद ने बताया की इस दो दिन चलने वाले इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के सतरह जिलों से तीन सौ तैतालीस बच्चों ने भाग लिया। महासचिव धर्मवीर कुमार ने मैच के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया की अंडर 15 बालक एकल वर्ग में गिरधारी (भोजपुर )ने ऋषि राज शर्मा को हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया ।जबकि कांस्य पदक स्वामी जीत व त्रिपुरारी ने जीता। अंडर 15 मिक्स्ड डबल्स में आनवी व गिरधारी ने पटना की आर्या पराशर व मन्जय मोनल को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। अंडर 15 बालिका वर्ग में पटना ने भोजपुर को हराकर टीम इवेंट का खिताब जीता। जबकि अंदर 15 बालक वर्ग में टीम का खिताब भोजपुर ने जहानाबाद को हराकर अपने नाम किया ।जबकि कांस्य पदक पर पटना व भागलपुर ने कब्जा जमाया । वही अंडर 18 युगल बालक वर्ग में सत्यम प्रकाश व कार्तिकेय आगासी पटना की जोड़ी ने जहानाबाद के सुधांशु व राज मल्होत्रा को हराकर स्वर्ण पदक जीता अंडर 18 बालिका एकल का किताब स्नेहा भोजपुर ने सानिया प्रवीण को हराकर जीता सीनियर महिला वर्ग में एकल मुकाबले में भोजपुर की मनीषा ने सुकृति बस पटना को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया । अंडर 12 डबल का खिताब जहानाबाद के आदित्य पुष्कर व हंसराज ने चिंटू व विवेक भोजपुर को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग में टीम इवेंट का किताब भोजपुर ने जहानाबाद को हरा कर दिया ।जिसका कांस्य पदक बक्सर व पटना ने जीता। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद तथा संचालन सचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि मेहता ने किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिंस कुमार सहित बिहार के विभिन्न जिलों के सचिव तथा खिलाड़ी उपस्थिति थे।

# डांडिया में जूनियर ग्रुप से दांड्या रॉकर्स व सीनियर से दांड्या मसकली विजयी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जीजस एंड मेरी एकेडमी में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा तीन से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नृत्य की प्रथम प्रस्तुति ने ही ऐसा समां बांधा कि आयोजक मंडली एवं निर्णायक सदस्यों के समूह के साथ-साथ दर्शक भी मुग्ध हो गए। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार ओझा ने किया। अपने संबोधन में प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने कहा कि उन्हें भी विश्वास नही था कि यहां की छात्राओं में इतनी प्रतिभाएं भरी हुई हैं। उन्होनें स्वीकार किया कि इसे निखारने की आवश्यकता है, जिसे समुचित दिशा निर्देश एवं हल्के प्रशिक्षण द्वारा इन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा कर पटना, बिहार एवं देश को गौरवान्वित किया जा सकता है। निर्णायक मंडली में क्विक स्टेप स्टूडियो के कोरियोग्राफर अमित कुमार शामिल थे। उन्होंने अपने कहा कि हर समूह की नृत्य प्रस्तुति इतनी आकर्षक थी। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने जूनियर ग्रुप से दांड्या रॉकर्स को एवं सीनियर ग्रुप से दांड्या मसकली को विजयी घोषित किया। इस अवसर पर निदेशक अम्ब्रोस पैट्रिक एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने अपने सम्बोधन में छात्रों को उत्साहित करते हुए इस तरह के कार्यक्रम में हमेशा भाग लेने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मेनका शुक्ला, अर्चना ठाकुर आदि ने सहयोग दिया।

# सत्ता परिवर्तन तो हुआ, मगर व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जेपी सेनानी संघर्ष समिति के द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि त्रिमूर्ति चौक के पास मनाई गई। समिति के महासचिव शंभू प्रताप सिंह की अध्यक्षता व मेहर कुमार आजाद के संचालन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने लोकनायक के संघर्षमय जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि ह्य74 का आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन था। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार व अफसरशाही के विरोध में वह आंदोलन था। मगर आंदोलन से सत्ता परिवर्तन तो बहुत बार हुआ, मगर व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज उससे ज्यादा देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और अफसरशाही का बोलबाला है। हालांकि केन्द्र और राज्य में वही नेता राज कर रहे हैं, जो ह्य74 आंदोलन के गर्भ से पैदा हुए। मगर लोकनायक के आदर्शों और सिद्धांतों को भुला बैठे हैं। आज फिर एक बार उन नौजवानों को उठना होगा और वयवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़नी होगी। जेपी सेनानियों ने सरकार से मांग की है कि जेपी चौक नाला पर लोकनायक की मूर्ति जल्द से जल्द लगाया जाए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में समिति के उपाध्यक्ष डा एकबाल अहमद, रघुनाथ प्रसाद, मिथिलेश सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, ललन यादव आदि शामिल थे।

# टीबी मरीजों की पोषण राशि हुई दोगुनी अब हर माह मिलेंगे 1000 रुपये

## हर महीने टीबी मरीजों को सरकार से मिलती है पोषण सहायता के लिए राशि

- अब तक टीबी मरीजों को पोषण योजना के तहत मिलते थे मात्र पांच सौ रुपए




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। केंद्र सरकार ने टीबी मरीजों के लिए बहुत बड़ी राहत की घोषणा की है। टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली राशि अब दोगुनी कर दी गयी है। टीबी मरीजों को अब तक 5 सौ रुपए प्रतिमाह मिलते थे। अब इसे बढ़ाकर 1 हजार रुपए की गयी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक आराधना पटनायक द्वारा जारी पत्र के मुताबिक, अप्रैल 2018 से नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम के तहत टीबी के इलाजरत मरीजों को 500 सौ की राशि दी जाती थी। स्टेट आइईसी ऑफिसर (टीबी) बुशरा अजीम ने बताया कि उपचाराधीन और नए सभी टीबी मरीजों को यह राशि अगले माह एक नवंबर से मिलेगी। डेढ़ लाख से अधिक टीबी मरीजों को होगा फायदा टीबी के उपचार में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे देखते हुए टीबी मरीजों को बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई को मजबूत करने के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से राज्य के करीब 1.54 लाख से अधिक टीबी मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। राज्य में एक जनवरी 2024 से मंगलवार तक टीबी के 61 हजार 587 मरीज सरकारी अस्पतालों में तथा 92 हजार 741 टीबी मरीज निजी अस्पतालों में का नोटिफाइड हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता को मौजूदा 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इसके अलावा, अब टीबी रोगियों के सभी घरेलू संपर्कों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर किया जाएगा और समुदाय से सामाजिक सहायता प्राप्त करने के भी वे पात्र होंगे। क्या है निक्षय पोषण योजनाः टीबी होने पर प्रोटीन व पौष्टिक भोजन की ज्यादा जरूरत होती है। अधिकांश टीबी मरीज गरीब घरों के होते हैं। लेकिन गरीबी के कारण ऐसे गरीब मरीज पौष्टिक भोजन नहीं कर पाते हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने निक्षय पोषण योजना की शुरूआत की है। ताकि मरीज को पौष्टिक भोजन मिल पाए।

# पांच दिवसीय दशहरा सेवा समिति शिविर आज से

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मारवाड़ी सेवा समिति के द्वारा दशहरा पर शहीद भगत सिंह चौक के पास पांच दिवसीय दशहरा सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सप्तमी से ग्यारहवीं तक लगाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा व संयोजक राजू सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से बताया कि मारवाड़ी समाज द्वारा यह शिविर का रजत जयंती वर्ष है। शिविर का उद्घाटन बुधवार को सायं 6 बजे पुलिस महानिदेशक आलोक राज करेंगे। शिविर के माध्यम से पांच दिनों तक श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पेयजल, नींबू चाय, प्राथमिक उपचार केंद्र, खोया-पाया सूचना केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र, महानवमी पर महाप्रसाद का आयोजन, विजयादशमी के दिन श्री बड़ी देवी जी अभिनंदन समारोह के साथ क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस शिविर में मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, विधानसभा के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, महापौर, उपमहापौर के साथ समाज के गण्यमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। समारोह को सफल बनाने में सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, राजेश देवड़ा, राजेश चौधरी, राजकुमार गोयनका, मनोज खेतान, राजू बागला, पप्पू कमलिया आदि सक्रिय हैं। दूसरी ओर दशहरा पर श्री संकट मोचन महावीर मंदिर हाजीगंज, हाजीगंज व्यवसायी संघ और चौक थाना शांति समिति के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा सेवा शिविर का आयोजन महासप्तमी से लेकर महादशमी तक हाजीगंज मोड़ लकी बिस्कुट के निकट करने का निर्णय लिया गया है। सेवा शिविर का उद्घाटन विधानसभाध्यक्ष व स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव के द्वारा किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, वार्ड 67 पार्षद मनोज जायसवाल, चौक थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा के साथ अन्य गण्यमान्य की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी विनय कुमार बिद्दू, ओम प्रकाश पासवान, श्री संकटमोचन महावीर मंदिर, हाजीगंज, प्रफुल्ल पांडेय आदि सक्रीय हैं।

# सेवानिवृत पदाधिकारी की गोली मार हत्या, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

## मिला खोखा, सुबह निकले थे टहलने, घर से कुछ दूर मारी गोली



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी मुहल्ला में मंगलवार की सुबह सचिवालय से सेवानिवृत बुजुर्ग को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

वे घर से टहलने के लिए निकले थे और कुछ दूर गए ही थे कि घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर गोली मार हत्या कर दी। घटना के विरोध में लोगों ने रोड जाम भी कर दिया। इस संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे सरकारी सेवा से रिटायर्ड हुए 68 वर्षीय राजीव रतन गुप्ता टहलने के लिए निकले थे। घर से थोड़ी दूर पर ही घात लगाए अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद पेट में सटा कर ताबड़तोड़ गोली मारी। स्थानीय लोगों व परिजनों के अनुसार बदमाशों ने चार गोली मारी है। घटना को अंजाम दे अपराधी भाग निकले। इसी बीच स्थानीय मुहल्ला के निवासी व परिजन मौके पर पहुंचे। घायल राजीव को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार और पुलिस बल पहुंची। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेजा। यहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या किस कारण से हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों का कहना है कि किसी से उनकी दुश्मनी नहीं है। ऐसे में हत्या क्यों हुई, कहा नहीं जा सकता है। एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि हत्या की वजह स्पष्ट नही है। पुलिस टीम ने आसपास में लगे सीसीटीवी को खंगाला है। इसमें पाया है कि फुटेज में दो अपराधी दिख रहा है। उसकी पहचान की जा रही है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। परिजनों व पड़ोसियों ने बताया कि मृतक के दो बच्चे एक पुत्र व पुत्री है। वह पत्नी और बच्चों के साथ यहां रहते थे। फिलहाल घटनास्थल से खोखा भी मिला है। स्थानीय लोगों का कहना था कि वह एक घर में रह रहे थे और दूसरे घर का निर्माण अंतिम चरण में था वहीं कुछ लोगों का कहना था कि उनका जमीन को लेकर भी पड़ोसी से भी बात चल रहा था पुलिस इस एंगल को भी देखकर काम कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन व परिजनों से पूछताछ के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### राजेश गुप्ता जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने

पटना सिटी (प्राकि)। जनता दल यू उद्योग एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पटना जिला के लिए जिला अध्यक्ष के पद पर नून की चौराहा के रहने वाले राजेश गुप्ता को मनोनीत किया गया है। राजेश गुप्ता के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधान पार्षद ललन सराफ, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा, विधान पार्षद राधाचरण साह को बधाई दी गई। इस अवसर पर धनजी प्रसाद, गणेश कानू, प्रदीप जी सिंदुरिया, मुकेश जैन, कंचन गुप्ता , नीलू गुप्ता, सुजीत पाठक, कुणाल गौरव, शशिकांत गुप्ता, ईश्वर लाल अग्रवाल आदि ने श्री गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी और आशा जताया कि संगठन के लिए वह बेहतर कर सकेंगे।

# स्कूल में छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति से सबका मन मोहा

प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा :- गोपाल विद्यार्थी । पटना जिले के विभिन्न स्कूलो में नवरात्रि को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में जिले के माधव मिल्स मालसलामी स्थित सर्वोदय इन्फेंट एकेडमी में स्कूली बच्चों ने मंगलवार को धूमधाम से नवरात्रि का त्योहार मनाया मौके पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक कृष्ण किशोर सिंह व प्राचार्या ऋचा सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के उपरांत प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं स्वागत भाषण में प्राचार्या ऋचा सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा का आयोजन केवल पूजा ही नही है बल्कि इससे सर्वोदय इन्फेंट एकेडमी के बच्चों को सीख भी मिलती है। मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा माँ दुर्गा के विभिन्न नौ रूपों एवं महिषासुर वध की आर्कषक प्रस्तुति की गई। वहीं निदेशक कृष्ण किशोर सिंह ने दुर्गा पूजा को अज्ञान और बुराई की जीत बताई। वहीं आज तेरा जगराता, ये गिरी नंदिनी सहित कई भजनों व महिषासुर वध पर बच्चों की नाट्य प्रस्तुति ने सबको मनमोहित कर दिया तो छात्राओं की डांडिया नृत्यों ने भी खूब तालियां बटोरी । छात्र -छात्राओं द्वारा नारी की शक्ति पर नाटक प्रस्तुत कर बताया गया कि नारी के विभिन्न रूप हैं उनमे से एक शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा है। निदेशक ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृतिक कार्यक्रम भी होना चाहिए इससे छात्र-छात्राओं को काफी कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका आकांक्षा व आरती द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। वहीं जया , स्नेहा, रजनी, सोनी, स्वेता,रोहित, आकाश , वैभव, अल्का, सिंधी, प्रेरणा, रिया,सपना , रौशनी, अनीश आदि सहित अभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे । वहीं बच्चों में श्रेया, शालु, प्रियांशी , मानवी, तृषा, आराध्या, पलक, एंजल, कशिश, वैष्णवी, अपराजिता, शौर्य, यश, आर्यन, सुशांत आदि का योगदान सराहनीय रहा । मौके पर विद्यालय के समस्त कर्मियों व शिक्षकों के अलावे बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर बिक्रम में निकाला फ्लैग मार्च, डीएसपी ने असामाजिक तत्वों को दी चेतावनी

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम : दुर्गा पूजा के मद्देनजर बिक्रम नगर बाजार में मंगलवार को स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। थाना परिसर से निकाले गए मार्च का नेतृत्व पालीगंज डीएसपी 2 उमेश्वर चौधरी ने किया। उनके साथ अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद व बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार व दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष सोनू कुमार भी थे। पुलिस बलों ने पैदल मार्च करते नगर बाजार के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे का संदेश दिया। बिहटा - पाली मुख्य मार्ग, ब्लॉक रोड, मीठा बाजार, मुस्लिम गली व शहीद चौक आदि मार्गों का भ्रमण करते हुए लोगों को पुलिस की उपस्थिति व सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं डीएसपी ने लोगों से विधि व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी गई, कहा गया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस बलों व दंड अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगी। सीसीटीवी से भी पूजा पंडालों व भीड़ आदि पर नजर रखी जाएगी। महिला पुलिस की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जवानों व अधिकारियों ने थाना क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। मौके पर डीएसपी उमेश्वर चौधरी, अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद व बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार, दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष सोनू कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 09 अक्टूबर, 2024



# हरियाणा में हैट्रिक जीत पर प्रदेश भाजपा में खुशी की लहर, पीएम को दी बधाई

## हरियाणा के नतीजों के होंगे दूरगामी परिणाम : विजय

### डिप्टी सीएम बोलें- हरियाणा जैसे ही होंगे बिहार के नतीजे



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार बढ़े हुए बहुमत के साथ जो भारतीय जनता पार्टी के जीत की हैट्रिक लगी है, वह पीएम मोदी की परिश्रम की पराकाष्ठा और तपस्या की ताकत का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी मार्गदर्शन में हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से सभी 36 बिरादरी को साथ लेकर अच्छी नीति नीयत और नतीजे वाली सरकार चल रही है। यह जनादेश समरसता के साथ विकास के उस एजेंडे के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि यह चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकताओं के समूहिक प्रयास का परिणाम है। सबसे बढ़कर यह देश के संविधान, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं में अटल आस्था रखने वाली भावना का परिणाम है। वहीं दूसरी तरफ जातिवाद के जहर और परिवारवाद के प्रभाव को हर कीमत पर पोषित करने वाली मानसिकता की हार है। देश के लोकतंत्र को अपनी सत्ता की जागीर समझने वाली सोच आज एक बार फिर से हारी है। जो लोग फैक्ट्री में जलेबी बना रहे थे हरियाणा की जनता ने उनको हार का धूल चटाया है। श्री सिन्हा ने कहा कि जिनके पैर जमीन पर नहीं हैं उन्हें हरियाणा की जनता ने उस हवाई संस्कृति की हवा निकाल दी है। निश्चित रूप से इस चुनाव परिणाम का बहुत दूरगामी परिणाम होने जा रहा है। आने वाले दिनों में हम झारखंड और महाराष्ट्र में अच्छी नीति पर आधारित हमारी राजनीति की जनता में स्वीकार्यता स्पष्ट रूप से दिखेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार बढ़ते बिहार बदलते बिहार के लिए हर दिन प्रयास कर रही है। इसलिए तकरीबन हर चुनाव में बिहार की जनता ने उस प्रयास को जनादेश दिया है। हमें पूरी उम्मीद है कि आगमी विधानसभा चुनाव में भी जनता का लगातार मिल रहा विश्वास हमारे एनडीए गठबंधन को फिर से हासिल होगा।

## भाजपा मुख्यालय में जश्न, बांटी गई मिटाईयां

### पीएम मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास : जायसवाल



पटना। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय, पटना में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री, डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा, यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी मुख्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल था, जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। मिठाई वितरण के साथ-साथ कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों ,पटाखों के साथ अपनी खुशी जाहिर की और हरियाणा की इस जीत को ऐतिहासिक बताया। डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि इस जीत से प्रेरणा लेकर बिहार में भी पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि यह जीत हमें और अधिक परिश्रम करने और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित करती है। डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहीं है, और यह पूरे भाजपा परिवार के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है। इसके साथ ही, जम्मू-कश्मीर में भाजपा सबसे अधिक वोट शेयर हासिल करने वाली पार्टी बनकर उभरी है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आज जो चुनावी नतीजे सामने आए हैं, उसने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का विश्वास अटूट है। सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के मंत्र को हरियाणा की जनता ने पूर्ण रूप से सिद्ध कर दिया है।

## कांग्रेस के दुष्प्रचार का हरियाणा ने दिया मुंहतोड़ जवाब : मंगल

### झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा भी जीतेगी भाजपा



पटना। स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधान सभा के चुनाव परिणाम को ऐतिहासिक बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास, गरीब कल्याण और भारत को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठापित करने की नीतियों एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह की कुशल राजनैतिक सांगठनिक रणनीतियों के कारण मिली। पीएम नरेंद्र मोदी की विश्वसनीयता पर हरियाणा की जनता ने तीसरी बार मुहर लगाई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने कांग्रेस के सारे दुष्प्रचार, वितण्डा और देश को तोड़ने की साजिशों को नाकाम करते हुए उसे मुहतोड़ जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर में भी कांग्रेस के युवराज को बुरी तरह से मुंह की खानी पड़ी है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा के वोट-प्रतिशत में अप्रत्याशित वृद्धि वहां आई शांति और धारा-370 की समाप्ति के बाद हुए विकास का संकेतक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधान सभा के चुनाव परिणाम से यह साफ हो गया है कि देश की जनता को नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। कांग्रेस के आरक्षण, संविधान, जाति जनगणना, पहलवान, किसान जैसे अपप्रचार को वहां की जनता ने सिरे से नक्कार दिया है।

## हरियाणा के नतीजे ने बताया जनता को विकास पंसद : ऋतुराज



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली जीत को बीजेपी के कार्यकर्ता की जीत बताया है।उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव नतीजे आने के पहले जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के नेता अलग अलग बयान बाजी करके लोगो के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे थे उन्हें आज के नतीजों ने बता दिया है कि जनता हवा हवाई बयान देने वाले नेताओं के बदले विकास के एजेंडे पर काम करने वाली पार्टी को पसंद करती है।इसलिए चुनाव नतीजे आने के उपरांत बेहतर होगा अब कांग्रेस के लोग अपने नेता के साथ जगह जगह घूम कर जलेबी की फैक्टरी लगाने में अपने नेता का सहयोग करे। भाजपा जलेबी की तरह राजनीति नही करती है, भाजपा विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के मार्गदर्शन में बीजेपी के सभी कार्यकर्ता विकसित भारत के निर्माण में दृढ़ संकल्पित है जिसे जनता ने भी हरियाणा में बहुमत के रूप में देकर अपनी स्वीकृति दे दी है। हरियाणा में जीत की हैट्रिक के साथ आगे आने वालों राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

## हरियाणा नतीजे पर बोलें तेजस्वी- चुनाव परणिाम आश्चर्यजनकः तेजस्वी



पटना। हरियाणा और जम्मु कश्मीर में चुनाव परिणाम को लेकर तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने हरिणाया चुनाव परिणाम को आश्चर्जनक करार दिया। लंबी छुट्टी के बाद पटना लौट रहे तेजस्वी ने कहा कि जिस तरह का माहौल बीजेपी के विरुद्ध हरियाणा में था, उसमें बीजेपी को बुरी हार मिलती हुई दिख रही थी। कहीं से भी भाजपा के पक्ष में माहौल नहीं था। खुद भाजपा के नेताओं को भी यकीन नहीं था कि वह हरियाणा में अपनी सरकार बचा पाएंगे। लेकिन अंत में जनता ही फैसला करती है। जनता ने भाजपा को चुना है। इसलिए सभी को इसे स्वीकार करना चाहिए। वहीं, जम्मु कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की जीत पर उन्होंने कहा कि एकतरफा जीत मिली है। कश्मीर की जनता ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेस पर भरोसा जताया है। दोनों पार्टियों को तेजस्वी ने जीत की बधाई भी दी। दौरान तेजस्वी ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम का असर आनेवाले झारखंड और फिर बिहार पर पड़ने को लेकर कहा कि ऐसा कुछ नहीं होगा, क्योंकि सभी राज्यों के लिए अलग अलग मुद्दे होते हैं, राज्यों के चुनाव वहां के स्थानीय मुद्दे पर होते हैं।

## राजद प्रदेश कार्यालय में मनी लोकनायक की पुण्यतिथि

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में लोक नायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष दय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जीवन पर्यन्त लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं भ्रष्टाचार से लड़ते रहे। वे युवाओं के प्रेरणा-श्रोत रहे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्पूर्ण क्रांति के नारा के साथ सत्ता परिवर्तन भी कराया। सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल हैः राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। जयप्रकाश बाबू का सम्पूर्ण क्रांति का नारा आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में पूर्व सांसद विजय कृष्ण, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक मो निहालुद्दीन, राजवंशी महतो, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, महासचिव फैयाज आलम कमाल सहित अन्य गणमान्य नेतागण शामिल थे।

## संपूर्ण क्रांति आंदोलन से मिली लोकतंत्र को नई दिशा : दिलीप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पुण्यतिथि पर लोकनायक को दी श्रद्धांजलि

पटना। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री, डॉ. दिलीप जायसवाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लोकनायक के आदर्शों को नमन करते हुए उनके महान योगदान को याद किया। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा, ह्ललोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए अतुलनीय है। उनका जीवन संघर्ष और आदर्शों से परिपूर्ण था, और उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने आगे कहा कि जयप्रकाश नारायण ने जनता को एक नई दिशा दी और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी पूरी ज़िन्दगी समर्पित की। उनके द्वारा शुरू किया गया संपूर्ण क्रांति आंदोलन, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ उनकी अद्वितीय लड़ाई, हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। दिलीप जायसवाल ने जयप्रकाश नारायण के विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि उनका जीवन और उनके आदर्श हमें देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देते रहेंगे।

## पुण्यतिथि के मौके पर लोकनायक को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज के नेतृत्व में उन्हे उनके त्याग, समर्पण और संघर्ष को याद करते हुए उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही साथ देश के वरिष्ठ राजनेता, पद्मभूषण एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के पुण्यदिवस पर भी नमन किया गया। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ई हेमंत कुमार ने बतलाया कि प्रदेश उपाध्यक्ष बबन यादव, बसंत पटेल, डॉ वीरेंद्र प्रसाद, अरविंद वर्मा, अशोक राम, मो. खुर्शीद अहमद, सुरेश पासवान, मुन्ना चौधरी, अशोक कुशवाहा, विनोद कुमार पप्पू, राजू सिन्हा, रौशन, विकाश समेत अनेको नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बाढ़ पीड़ितों को मदद के लिए एनडीए सरकार तत्पर : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि जनहितैषी एनडीए सरकार किसानों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त के अंतर्गत 9.4 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 20,000 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की हैं। वहीं इसके जरिए बिहार के 76 लाख 18 हजार 784 किसानों के खाते में 1552 करोड़ भेजे गए हैं। जिसके तहत इस सौगात से किसानों को महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता मिलेगी। एनडीए सरकार अपने जनता जनार्दन के हित के लिए निरंतर कटिबंध हैं और उनके उत्थान के लिए लगातार काम कर रही हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता में एनडीए सरकार पूर्ण रूप से तत्पर है और इसी कड़ी में बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रथम चरण और द्वितीय चरण के बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसम्भव सहायता प्रदान करने एवं उनके जीवन को व्यवस्थित करने में एनडीए सरकार जुटी हुई है। और वहीं बिहार भाजपा भी निरंतर राहत सामग्री और भोजन बाढ़ पीड़ितों को बीच मुहैया करा रही हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को एनडीए सरकार आर्थिक सहायता पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रही है जिसके तहत प्रथम चरण के बाढ़ पीड़ितों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि भेजी गई हैं जिसमें प्रत्येक परिवार को सात हजार रुपए दिए गए हैं। 4.39 लाख परिवारों को आनुग्रहिक राशि भेजी गई हैं।

## शिक्षकों की हर सुविधा का ख्याल रखती है सरकार : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के लिए जारी स्थानांतरण नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे शिक्षकों को सहूलियत होगी और वे पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा दे पाएंगे। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षकों के हित में हमेशा बेहतर सोचा है, क्योंकि सरकार का मानना है कि जबतक शिक्षक अपनी कठिनाइयों के कारण तनाव में रहेंगे, वे पूरा मन लगाकर बच्चों को शिक्षा नहीं दे सकते। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने न सिर्फ शिक्षकों का वेतन बढ़ाकर एकरुपता लाने का प्रयास किया अपितु उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा। इसी क्रम में प्रदेश की एनडीए सरकार ने शिक्षकों के ट्रांसफर की नयी नीति को स्वीकृति प्रदान की है। इस नीति के तहत अब बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक, पुराने शिक्षक और सक्षमता पास शिक्षकों को अब अपने जिले में रहने का मौका मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से करीब पांच लाख शिक्षकों को फायदा मिलेगा। नयी ट्रांसफर नीति के तहत गंभीर रोग, मानसिक समस्या से ग्रसित शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। सिंगल और विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर इसका लाभ दिया जाएगा।

## ट्वीट और टूर के बीच सिमट कर रह गई है नेता प्रतिपक्ष की राजनीति : उमेश कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पूरी राजनीति ट्वीट और टूर के बीच सिमट कर रह गई है। विधानसभा के पूरे मानसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष सदन से नदारद रहे और आज आपदा के समय भी राघोपुर विधानसभा की जनता अपने लापता जनप्रतिनिधि की राह देख रही है लेकिन उनका कहीं कोई अता-पता नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव ने मुसीबत की घड़ी में राघोपुर विधानसभा के अपने मतदाताओं के प्रति बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और संवेदनहीन रवैया अपनाया है, इसका खामियाजा उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चित भुगतना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीतिक ढोंग करना हमेशा से राजद की कार्य-संस्कृति का हिस्सा रहा है और अब उसी परिपाटी को तेजस्वी यादव भी खाद्य-पानी दे रहे हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव का असली चाल-चरित्र जनता के सामने आ चुका है। बतौर विधायक अपनी जिम्मेदारियों से भागने वाले रनछोर शहजादे पर प्रदेश की जनता कभी विश्वास नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर राहत-बचाव कार्यों का जायजा ले रहे हैं। नीतीश सरकार की ओर से जनता की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास जारी है, जिसका सकारात्मक असर भी जमीन पर दिखा है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु 4.39 लाख परिवारों को 7-7 हजार रुपये की आनुग्रहिक राहत राशि सीधे लभ्यर्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिए हस्तांतरित की गई है। द्वितीय चरण की राहत राशि भी दुर्गा पूजा से पहले भेज दी जाएगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव हवाहवाई नेता हैं इसलिए जमीन से जुड़ी जानकारी उनके पास नहीं रहती है।

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बिहार ने हासिल किया बड़ा मुकाम : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल के 19 वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल किया है। बिहार ने उच्च शिक्षा पर खर्च करने के मामले में बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं मेघालय व मणिपुर जैसे छोटे राज्यों को छोड़ दें तो उच्च शिक्षा के विकास पर खर्च करने में बिहार देश में अव्वल रहा है। कुछ महीने पहले केन्द्र सरकार द्वारा जारी ऑडिट रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है। केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले राज्यों की सूची भी जारी की है। इसमें उन राज्यों के नाम हैं, जिन्होंने अपने यहां जीएसडीपी बजट का 1.75 प्रतिशत से अधिक खर्च किया है। केन्द्र सरकार ने पिछले दिनों राज्यों से खर्च का ब्योरा तलब किया था। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार ने उच्च शिक्षा पर अपने जीएसडीपी का 2.17 फीसदी खर्च किया है। बिहार में 8 राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, 4 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 20 राज्य विश्वविद्यालय, 7 निजी विश्वविद्यालय, 1 डीम्ड विश्वविद्यालय और 4 केंद्रीय वित्तपोषित प्रतिष्ठित संस्थान हैं। इसके साथ ही दरभंगा एम्स बनने जा रहा है। पीएमसीएच विश्वस्तरीय कॉलेज एवं अस्पताल बनने के करीब है। वहीं दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की क्षमता बढ़ाने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। राज्य में बड़ी संख्या में पूर्व में संचालित मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजेज के अतिरिक्त बड़ी संख्या में नये अभियंत्रण एवं मेडिकल कॉलेज खुलने की प्रक्रिया में हैं।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त जनादेश : दीपंकर

पटना। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि विशेष राज्य का दर्जा छीन लेने के बाद पहली बार हो रहे चुनाव में जम्मू-कश्मीर ने भाजपा को करारा जवाब दिया है। चुनाव जीतने के लिए भाजपा द्वारा हर प्रकार का तिकड़म किया गया. यहां तक कि गृह मंत्रालय की सलाह पर उपराज्यपाल द्वारा वोट के अधिकार के साथ 5 सदस्यों के मनोयन के प्रस्ताव के जरिए चोर दरवाजे से भाजपा को सत्ता में पहुंचाने का भी षड्यंत्र रचा गया। लेकिन इन सभी षड्यंत्रों को धत्ता बताते हुए वहां की जनता ने भाजपा के खिलाफ जबरदस्त जनादेश दिया है। हरियाणा में मध्यप्रदेश व छतीसगढ़ की तरह कांग्रेस ने एक और अवसर खो दिया। इससे सही सबक लेने की जरूरत है। कमियों को ठीक करते हुए एक सही रणनीति के साथ आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ मजबूती से उतरना होगा।

## रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर चिराग ने दी श्रद्धांजलि

### कहा-उनके अधूरे सपनों को आप सबों के सहयोग से करेंगे पूरा

प्रात : किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी एवं दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड स्थित उनके पैतृक ग्राम शहरबन्नी में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान सपरिवार उपस्थित होकर अपने पिता एवं दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भू राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल समेत कई दलों के नेता आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर श्री चिराग ने कहा कि हमारे पिता और नेता जीवन पर्यंत दलितों शोषितों वंचितों गरीबों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के हक की लड़ाई लड़ते रहे, चाहे वह सड़क हो या संसद। 50 वर्षों के लंबे राजनीतिक कार्यकाल के बावजूद अपने बेदाग छवि के लिए भारतीय राजनीतिक पुरोधाओं में उनका नाम शुमार है। दलितों के साथ-साथ उन्होंने संसद में सवर्ण के लिए भी आरक्षण की बात की जो उनके हर जाति और धर्म के लोगों के प्रति समान भाव को दशार्ता है। आज हम इस मंच से संकल्प लेते है कि हम उनके अधूरे सपनों को आप सबों के सहयोग से पूरा करेंगे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के माननीय सांसद अरुण भारती शांभवी चौधरी राजेश वर्मा पूर्व सांसद रामा सिंह, राष्ट्रीय महासचिव धनंजय मृणाल शंकर झा, डॉ शहनवाज अहमद कैफी, अरविंद सिंह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी विष्णु पासवान समेत प्रदेश सभी पदाधिकारीगण अपने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 194वीं बैठक में श्रम संसाधन के सचिव हुए शामिल

# कर्मचारी राज्य बीमा योजना से संबंधित लम्बित मुद्दो पर त्वरित कार्रवाई की मांग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 194वीं बैठक में श्रम संसाधन विभाग बिहार के सचिव दीपक आनन्द ने भाग लिया। सचिव ने बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा योजना से संबंधित लम्बित मुद्दो पर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया। बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 58 (5) के अनुसार बिहार कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति दी गयी है। शासी निकाय में नियोक्ता और कर्मचारी प्रतिनिधि को ईएसआईसी मुख्यालय द्वारा नामित किया जाना है। सचिव ने इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्तर से शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई का अनुरोध किया। इसके साथ ही कर्मचारी राज्य बीमा अन्तर्गत बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को ईलाज से संबंधित औषधि प्रतिपूर्ति देयक आदि को भुगतान हेतु ऑनगोइंग पेमेंट की वर्तमान व्यवस्था को कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी के कार्यान्वयन होने तक चालू रखने का अनुरोध किया गया। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 100 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण हेतु मुजफ्फरपुर जिले में 2 करोड़ 09 लाख 25 हजार 918 रुपए के भुगतान पर 5.07 एकड़ भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से प्राप्त हुआ है, जिस पर ईएसआईसी द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने के पश्चात अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। बरौनी में 100 बेड वाले ईएसआईसी अस्पताल और डीसीबीओ (डिस्पेंसरी सह शाखा कार्यालय) की स्थापना के लिए 5.5 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी गयी है, जो एचएफसीएल, मुख्यालय (हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड), (रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार), नोएडा, के अधीन है। इस संबंध में संबंधित विभाग से वार्ता कर सहमति प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। भागलपुर जिले में 100 बिस्तरीय एरकउ अस्पताल के निर्माण हेतु भी ईएसआईसी द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी है। बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर, बेगुसराय एवं भागलपुर जिलों में 100 बिस्तरीय ईएसआईसीअस्पताल के निर्माण होने से राज्य अन्तर्गत एरकउ से सम्बद्ध बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों के ईलाज की सुदृढ व्यवस्था हो सकेगी।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के मोबाइल में कंज्यूमर ऐप कराएं इंस्टॉल

पटना। विद्युत भवन में अंचल स्तर पर कार्यरत वरीय प्रबंधक (राजस्व) को स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली के विषय में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के बाद सभी वरीय प्रबंधक अपने-अपने अंचलों में कनीय विद्युत अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, आईटी एवं असिस्टेंट आईटी मैनेजर को स्मार्ट मीटर प्रणाली की बारीकियों से अवगत कराएंगे, ताकि इस तकनीक का बेहतर ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। सीएमडी पंकज कुमार पाल ने निर्देश दिया कि सभी वरीय प्रबंधक (राजस्व) अपने अंचल के प्रत्येक स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के मोबाइल में कंज्यूमर ऐप इंस्टॉल कराने के साथ ही उन्हें इस ऐप के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर जल्द से जल्द उनके समाधान करेंगे। इसके अतिरिक्त, वरीय प्रबंधकों को उपभोक्ताओं के परिसरों का निरीक्षण कर उनकी समस्याओं को सुनने और स्मार्ट मीटर के उपयोग के अनुभवों के बारे में जानकारी लेने का भी निर्देश दिया गया। सीएमडी श्री पाल ने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर से संबंधित जागरूकता अभियानों में तेजी लाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस प्रणाली के लाभों से अवगत हो सकें। सभी वरीय प्रबंधकों को निरीक्षण के लिए एक वाहन भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे वे अपने अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं से मिल सकें और उनके अनुभवों का सीधा संज्ञान ले सकें। स्मार्ट मीटर प्रणाली से उपभोक्ताओं को बिलिंग की पारदर्शिता, प्रीपेड सुविधा और बिजली उपयोग की निगरानी का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता अपने बिजली खर्च पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और अनियमितताओं से बचने में सक्षम होंगे। इसी के साथ, इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ता सेवाओं में सुधार करना और तकनीक की मदद से विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पंकज कुमार पाल, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार, दोनों डिस्कॉम के निदेशकगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 74 स्कीम का काम पूरा : मंत्री

## बोलें-अगले पांच महीनों में अपने अंतिम स्वरूप में आ जायेंगे स्मार्ट सिटी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 74 स्कीम का काम पूरा हो गया है और 55 स्कीम में 70 प्रतिशत काम पूर्ण है। उक्त जानकारी सूबे के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। प्रेस वार्ता में मंत्री ने विभागीय उपलब्धि के बारे में विस्तार से जनकारी दी। मंत्री ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन को सरकार काफी महत्व दे रही है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही इसके प्रबंधन पर क्लब किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को निदेशित है कि सेग्रीगेशन के मॉडल को भी ध्यान में रखना होगा क्योंकि सौलिड बेस्ड ग्रीन फ्यूनरल सिस्टम शुरू किया गया है। भागलपुर में यह प्रारंभ है और आने वाले समय में हर जिले में इसकी एक यूनिट बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी में आईसीसी में कंट्रोल एंड कमांड सेंटर है जिससे शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने में मदद मिलती है। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। बक्सर से लेकर कटिहार तक गंगा किनारे निकायों की संख्या 141 से बढ़कर 261 हो गई है जो दिखाता है सरकार शहरों में बेहतर व्यवस्था देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनाः

मंत्री ने बताया कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु एक ऐसी योजना प्रारंभ की गयी है। जिसमें जल निकास सहित चौड़ी, सुदृढ, गुणवता युक्त सड़कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार तथा पार्को, घाटों, जलाशयों इत्यादि का एक साथ प्रावधान हो, ताकि राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में विकास की गति त्वरित हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से एक नई योजना मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के नाम से प्रवर्तित एवं कार्यान्वित की गयी है।

### मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना :

मंत्री ने बताया कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में वासित प्रत्येक परिवार को नल का शुद्ध जल उपलब्ध कराने हे मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना लागू है। इस योजनान्तर्गत नगर निकायों में प्रत्येक परिवार को न का जल उपलब्ध कराया जाना है। इस क्रम में कुल 261 नगर निकायों के कुल लक्षित 26,66,27 घरों के विरुद्ध 26,06,212 घरों में नल का शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा रहा है। शीघ्र शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली जायेगी।

### नमामि गंगे कार्यक्रम :

मंत्री ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य में गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त कराने हेतु गंगा न एवं गंगा की सहायक नदियों के तट पर अवस्थित 27 शहरों में 37 परियोजनायें स्वीकृत हैं। इन 3 परियोजनाओं में से 14 सीवरेज परियोजनायें यथा बेउर, करमलीचक, सैदपुर एवं पहाड़ी एसटीपी बेउर सैदपुर, पहाड़ी जोन कश अ (र) एवं पहाडी जोन सीवरेज नेटवर्क का कार्य पूर्ण है।

## 10 साल जम्मू कश्मीर के लिए स्वर्ण काल था : मनोज

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक जीत को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी और कार्यकताओं को भी शुभकामनाएं दी है। श्री शर्मा ने जम्मू कश्मीर के परिणाम को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इतना भी गुमान ना कर अपनी जीत पे ऐ बेखबर...शहर में तेरी जीत से ज्यादा चर्चे तो मेरी हार के हैं। जम्मू कश्मीर भारतीय जनता पार्टी का था, है और, भारतीय जनता पार्टी का रहेगा। भले वहां की जनता ने हमें बहुमत नहीं दिया हो लेकिन, एक मजबूत विपक्ष जरूर बनाया है। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प रहा है कि जम्मू कश्मीर के प्रहरी के रूप में हमेशा काम करते रहेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले 10 सालों से भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जम्मू कश्मीर में प्रहरी के रूप में काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जम्मू कश्मीर को भारत का एक अभिन्न अंग मानता है

पूर्व मध्य रेल
ई-खुली निविदा सूचना
ई-निविदा संख्या : सीआरडब्ल्यू-एचआरटी-एम - सीआरएस-आरएमपीयू-टीआरएबाई, दिनांक - 04.10.2024
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम एवं स्थान : सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में एलएचबी एसी शेल में आरएमपीयू के नीचे एफआरपी ट्रफ असेंबली के स्थान पर एसएस आरएमपीयू ट्रफ असेंबली की व्यवस्था हेतु निविदा।, 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रू 9,54,31,036.80 (रू. नौ करोड़ चौवन लाख इक्कतीस हजार छत्तीस एवं अस्सी पैसे मात्र)। 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य। 4. अग्रधन की राशि : रू. 6,27,200.00 (रू. छह लाख सताईस हजार दो सौ मात्र)। 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 25.10.2024 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11.15 बजे निविदा खोली जायेगी। 6. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है। : निविदा सूचना, पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरुरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत
पीआर/01273/एचआरटी/2/टी/24-25/48

## संक्षिप्त खबरें

### अब बूढ़ी गंडक उफान पर ,लोगों में दहशत

बोचहा। प्रखंड क्षेत्र के नदियों के बढ़ते जलस्तर ने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है ।बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के साथ बिशनपुर जगदीश पंचायत के आथर, गुढ़मी सहित अन्य गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं मैदापुर पंचायत के पीरखपुर गांव के वार्ड 13 में दर्जनों लोगों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है ।बाढ़ का रौद्र रूप से गांव की कई महिलाएं डरी सहमी हुई अपने आशियाने को बाढ के पानी में डूबते हुए देख रही थी। लाचारी और बेवसी का यह आलम है कि चाह कर भी वे लोग अपने घर को पानी में डूबने नहीं बचा सके। ग्रामीण बता रहे हैं कि अगर इसी तरह पानी बढ़ता रहा तो हम जल्द ही घर खाली कर देंगे। गांव के रामानंद महतो, देबू सहनी, अशर्फी महतो, रूपा कुमारी, शिवचंद्र राम, हरि राम, और सीमा कुमारी सहित अन्य ने बताया कि घरों के अंदर पानी प्रवेश कर चुका है। इससे हम लोग दहशत में जी रहे हैं। वहीं पानी में सांप और अन्य जहरीले जीव जंतु हैं जो लोगों के लिए खतरा बन गये है।

### मजदूरी का पैसा मांगने पर दबंगों ने कर दी पिटाई

बोचहा। मजदूरी के पैसा मांगने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही चेहरा पर थूकने और पेशाब करने के मामले में चौपार मदन गांव नवासी रिंकू मांझी ने पुलिस से शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि करणपुर उत्तरी गांव निवासी रमेश पटेल के मुर्गी फार्म में 2 दिन काम करने के बाद किसी दूसरे जगह काम करने चला गया। इस दौरान उक्त व्यक्ति ने दो दिन की मजदूरी नहीं दी। 4 अक्टूबर को सुबह काम करने जा रहा था कि रास्ते में रमेश पटेल अपने मुर्गी फार्म के गेट पर बैठे हुए थे। हमने उनसे दो दिन की मजदूरी का पैसा मांगा। इस पर आरोपी आग बबूला हो गए और जाति सूचक शब्द कहने लगे मना करने पर आरोपी अपने पुत्र गौरव कुमार के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जान मारने जान मारने की धमकी देते हुए चेहरे पर थूक फेंक दिया, और अपन पुत्र से कहा कि इसके मुंह मे पेशाब कर दो। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित द्वारा शिकायत की गई थी मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### नगर थाना क्षेत्र के कपड़ा दुकान में चोरी की वारदात को लेकर एक चोर गिरफ्तार

मधुबनी नगर थाना क्षेत्र में कपड़ा दुकान में चोरी किए हुए सामान के साथ एक चोर को मधुबनी पुलिस के तत्परता से गिरफ्तार किया गया नगर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताएं की घटना की सूचना पाते ही मधुबनी पुलिस सीसीटीवी खंगालकर सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गिरफ्तार व्यक्ति का आधा दर्जन कांडों में आपराधिक इतिहास रहा है पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति को गहन पूछताछ के बाद न्याय हिरासत भेजा गया ।

### विधायक ने सुनी लोगों की समस्या

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड कार्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के प्रांगण में स्थानीय विधायक अजय कुमार के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। लोगों ने समस्याओं से जुड़ी आवेदन विधायक को दिया। विधायक ने लोगों की समस्या संबंधित विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी को निपटारा के लिए निर्देशित किया। मौके पर श्याम किशोर कमल ,मिथिलेश सिंह, महेश कुमार, श्याम किशोर कमल,रामदेव राय, गणेश पासवान,विजय कुमार, बबलू कुमार, रामपुकार राय आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के कार्य को जन जन तक पहुंचाना है : भूमिपाल

विभूतिपुर/समस्तीपुर पार्टी को मजबूत करना और मुख्यमंत्री के कार्य को पहुंचाना है। वक्त बातें जदयू के प्रखंड स्तरीय बैठक में प्रमंडल प्रभारी भूमिपाल ने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में विभूतिपुर का सीट नीतीश कुमार को मिलना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल कर रहे थे। मौके पर सत्यनारायण राय, राम बहादुर सिंह, तरुण सिंह, राम आशीष प्रसाद सिंह, अयोध्या पंडित, कन्हैया झा, जय नारायण महतो, रामबालक राय, श्याम नंदन आर्या, सियाराम महतो, गोपाल प्रसाद सिंह, जवाहर राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फौजी की तरह भाजपा कार्यकर्ता देश व राष्ट्रवाद की रक्षा करते हैं : दिलीप जायसवाल

## सभी शिकवा को भूल कर भाजपा के सदस्यता अभियान को उत्कर्ष पर ले जाने का किया अपील

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। फौज के सिपाही देश की सीमा पर सरहद की रक्षा करते हैं और ठीक उसी तरह भाजपा कार्यकर्ता संपूर्ण भारत में राष्ट्रवाद के अलख को जगाते हुए राष्ट्रवाद की रक्षा करते हैं। यह बातें सोमवार को प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही ।श्री जायसवाल ने कहा कि जब से वे प्रदेश अध्यक्ष बने हैं वह महसूस किए हैं कि जब तक कार्यकर्ता नहीं चाहेंगे तब तक नेताओं का सम्मान नहीं हो सकता है। पार्टी व संगठन मजबूत नहीं हो सकता है। किसी भी पार्टी व संगठन के जड़ कार्यकर्ता ही हैं, जिसके बल पर संपूर्ण संगठन रूपी पौधा फल फूल कर देश की सेवा में लगता है। श्री जायसवाल ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी गिले-शिकवे को भूलकर हम लोग पार्टी के सदस्यता अभियान में लग जाएं ताकि दुनिया के मानचित्र पर जिस तरह भारतीय जनता पार्टी अपना तिरंगा लहरा रहा है वह सदैव कायम रहे ।श्री जायसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम पार्टी स्तर पर संगठन के स्तर पर पूरी तरह मजबूत नहीं हो जाएंगे तब तक हम अपने विकासात्मक बातों को, कल्याणकारी बातों को देश के लोगों के सामने रखने में सक्षम नहीं हो सकेंगे। जिला कार्यालय में कार्यकर्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह तथा पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिलाध्यक्ष, सांसद, पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक की ओर से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया ।जिला भाजपा कार्यालय के कार्यक्रम के समापन के उपरांत प्रदेश मंत्री श्यामा माई मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा यहां से हजारी नाथ मंदिर भी गए जहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ हजारी नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी,सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर डॉ अशोक कुमार यादव, डॉ धर्मशिला गुप्ता, प्रदेश के मंत्री हरि सहनी, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी, विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, रामचंद्र प्रसाद, मिश्रीलाल यादव, संतोष पाठक, उमेश कुशवाहा, सुनील चौधरी, कार्यक्रम के संचालनकर्ता सुजीत मल्लिक, राजू तिवारी, ज्योति कृष्ण झा लवली, जीतू ठाकुर, अंकुर गुप्ता, राजकुमार झा उर्फ राजू झा, संतोष पोद्दार, रतन पासवान, ब्रह्मदेव पासवान आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के खाते में राशि स्थानांतरित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के राशि का आनलाइन हस्तांतरण माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबद्ध थे ।मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत भी जीविका, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के लाभुकों को भी राशि का हस्तांतरण किया गया ।प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 915 स्वीकृत लाभुकों में से 825 लाभुकों को प्रथम किश्त के भुगतान हेतु एफ टी ओ सृजित किया गया है। इसमें से 323 लाभुकों को पूर्व से प्रथम किश्त की सहायता राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज शेष 523 लाभुकों में से 10 लाभुकों को जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। लाभार्थी कुढ़नी, गाय घाट, मुरौल प्रखंड के थे। इसके अतिरिक्त लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान/ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र जिला पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। लाभार्थी कुढ़नी, मुशहरी प्रखंड के थे। जीविका के माध्यम से संचालित वित्तीय समावेशन एवं सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत जीविकोपार्जन संवर्धन हेतु निधियों का हस्तांतरण जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 22करोड 37 लाख 71 हजार की राशि जिले के ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित करने हेतु उपलब्ध कराई गयी है। साथ ही सतत जीविकोपार्जन योजना (ग्रामीण और शहरी) के तहत 1094 लाभार्थियों के व्यवसाय विकास के लिए कुल तीन करोड़ तैंतालीस लाख पचहत्तर हजार चार सौ इकसठ रुपये का हस्तांतरण किया गया । जिलाधिकारी द्वारा 10 लाभार्थियों को डमी चेक दिया गया। इस निधि के अंतर्गत चयनित निर्धन परिवारों के लाभार्थियों के जीवीकोपार्जन एवं परिसंपत्ति निर्माण दी गई है ।वित्तीय समावेशन अंतर्गत ग्राम संगठनों को कुल बाइस करोड़ सैंतीस लाख इकहत्तर हजार रुपये की सामुदायिक निवेश निधि का हस्तांतरण किया गया। जीविका परियोजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु सामुदायिक निवेश निधि की राशि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियों के लिए उपलब्ध करवाई जाती है ।साथ ही, 1159 स्वयं सहायता समूहों को नकद साख ऋण के रूप में इकतालीस करोड़ इक्कीस लाख रुपये का हस्तांतरण किया गया है। जीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को बैंक से संबद्ध करते हुए बैंक ऋण के रूप में पूंजी उपलब्ध करवाई जाती है ।इस पूंजी का उपयोग समूह से जुड़ी महिला सदस्यों के द्वारा विभिन्न तरह के स्वरोजगार हेतु उपयोग किया जाता है। उपरोक्त वित्तीय सहायता मुजफ्फरपुर जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दी गई है। यह पहल समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी ।इस कार्यक्रम में जिला बंदोबस्त पदाधिकारीश्री फिरोज अख्तर, डायरेक्टर डीआरडीए श्री अभिजीत चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका श्रीमती संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिशा सहित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों के पदस्थापन और स्थानांतरण दोषपूर्ण : अरविंद कुमार दास

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के पदस्थापन और स्थानांतरण नीति काफी दोषपूर्ण है। इस आशय से संबन्धित जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी समिति सदस्य अरविन्द कुमार दास ने कहा। उन्होंने ने कहा कि सरकार शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की साज़िश से बाज नहीं आ रही है। पुरुष शिक्षकों के लिए गृह अनुमंडल से बाहर पदस्थापित करना संवेदनशून्यता का परिचायक है। रोसड़ा अनुमंडल का सुदूर प्रखण्ड बिथान का पंचायत सलहा चन्दन की दूरी दलसिंहसराय या समस्तीपुर अनुमण्डल के लिए सत्तर से अस्सी किलोमीटर है। लगभग यही हालत समस्तीपुर, दलसिंहसराय और पटोरी अनुमंडल का भी है। इस नीति से पूरे बिहार के शिक्षक और शिक्षिकाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा ।पति - पत्नी के लिए भी तबादला नीति भ्रामक है। पति अनुमंडल के बाहर पदस्थापित होंगे और पत्नी उनके साथ स्थानांतरित होगी। यह वही तीन पसेरी पन्द्रह सेर वाली कहावत को चरितार्थ करती है ।मेधा के आधार पर आवेदन लेना विभागीय अधिकारियों की मनमानी को दशार्ता है। यह नीति उदारतापूर्ण नहीं बल्कि अव्यावहारिक है। एक तरफ आवेदन नहीं करनेवाले शिक्षकों को उसी विद्यालय में रहने दिया जायेगा तो दूसरी तरफ सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को अनुमंडल से बाहर स्थानांतरित करना उन्हें परीक्षा देने की सजा देने के बराबर है। इस प्रकार की भेदभावपूर्ण नीति के बदले सरकार को उसी विद्यालय में रहने दिया जाय या गृह प्रखण्ड के बाहर पदस्थापित किया जाना चाहिए ।विभागीय अधिकारियों और सरकार के द्वारा इस बात का ख्याल नहीं रखा गया है कि अरवल,जहानाबाद, जमुई,लखीसराय, बांका, शेखपुरा,किशनगंज, शिवहर जैसे एक अनुमंडलीय जिला के शिक्षक कहां आवेदन करेंगे ।सरकार और शिक्षा विभाग से मांग है कि हितबद्ध शिक्षक संगठनों से वार्ता कर दोषपूर्ण पदस्थापन तथा स्थानान्तरण नीति को वापस लेते हुए शिक्षक-शिक्षा हितैषी नीति लाई जाए। अन्यथा मजबूर होकर बिहार के सभी कोटि के शिक्षक संघ ऐतिहासिक और निर्णायक संघर्ष की शुरूआत करेंगे जिसकी सारी जबावदेही सरकार की होगी।

## विभिन्न खेल व प्रदर्शनी के साथ लर्निंग फेस्टिवल का समापन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर शिक्षा विभाग व क्षमतालय फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहपुर परोही में चल रहे ,लर्निंग फेस्टिवल का समापन मंगलवार को विभिन्न खेल एवं प्रदर्शनी के साथ किया गया ।कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन सीआरसी के समन्वयक अरुण कुमार झा ने फीता काट के किया ।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच विभिन्न मनोरंजन खेल का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच क्षमतालय फाउंडेशन द्वारा विज्ञान का जादू, कला का रूप, कठपुतली और कहानी, नाटक का करिश्मा, बोर्ड गेम और मीडिया और जीन का आयोजन कर उन्हें शिक्षा की महत्ता के विषय में जानकारी दी ।इस अवसर पर बच्चों द्वारा तकनीकी से जुड़े विभिन्न उपकरणों को बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाई गई ।जिसे देख शिक्षक और अभिभावक अचंभित हो उठे, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कपीलदेव प्रसाद सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति का विकास होता है जिससे नैतिक मूल्यों को समझने का बेहतरीन अवसर मिलता है। फाउंडेशन के फेलो आनंद गौतम ने बताया कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ती है ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रविन्द्र रजक,मो.अरशद नूरानी, अंजीला कुमारी,रंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमुदिनी कुमारी,शिल्पा कुमारी, नेहा रूपाली,चंचला कुमारी तथा क्षमतालय के फलों आनंद गौतम साथी टीम गुंजन ,सौरभ,अभिनंदन ,अवधेश तथा श्रवण के अलावा सीआरसी चकहबीब के संचालक रत्नेश कुमार, मो.मुजाहिद हुसैन ,सूर्यनारायण सिंह, बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक मौजूद थे।

## एसएसबी जवानों के द्वारा अलग अलग कार्रवाई में प्रतिबंधित दवा एवं लहसुन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के जवानों को क्षेत्र के सीमा पर अलग अलग स्थान पर कार्रवाई करते प्रतिबंधित दवाओं और लहसुन के साथ मामले में दो तस्कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई सफलता में भारत नेपाल सीमा चौकी पिपरौन क्षेत्र मिली है। भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/35 से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में सीमा चौकी पिपरौन के सामने जवानो द्वारा विशेष चेकिंग डयूटी के दौरान कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित दवाईयों के साथ गिरफ्तार किया गया । यह व्यक्ति सीमा चौकी पिपरौन के आर पी गेट के सामने से साईकिल पर कुछ सामान लेकर जा रहा था । डयूटी पर खड़े जवानों को उक्त व्यक्ति पर सदेंह होने पर उसे उसे रोका गया और उसकी तलाशी ली गई तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास प्रतिबंधित दवा और टेबलेट बरामद किया गया ।आरोपी को प्रतिबंधित दवा के साथ गिरफ्तार किया गया ।आरोपी प्रतिबंधित दवाईयो को भारत से नेपाल ले जा रहा था। मामले में गिरफ्तार आरोपी 50 वर्षीय राधे महतो गांव पिपरौन पुलिस स्टेशन- हरलाखी जिला मधुबनी का निवासी बताया जाता है। जब्त की गई प्रतिबंधित दवाइयो मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार तस्कर आरोपी को आगे की कार्रवाई हेतु हरलाखी थाना पुलिस को सपुर्द कर दिया गया । इसी क्रम में दूसरी सफलता वाह्य सीमा चौकी डिगीटोल के जवानो को मिली है सीमा स्तंभ संख्या 287/09 से 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ जवानों द्वारा विशेष चेकिंग ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय आरोपी तस्कर अमित कुमार , वार्ड एक गांव -पीपरोंन डिगियाटोल ,थाना -हरलाखी मधुबनी को प्रतिबंधित 90 किलोग्राम लहसुन के साथ गिरफ्तार किया है । तस्कर लहसुन को नेपाल से भारत ला रहा था । लहसुन को जब्त कर मामले मे गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई हेतू बीओपी लाया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को सात-सात हजार रुपया दिया जायेगा : संतोष सुमन



प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ0 संतोष सुमन मंगलवार को कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कमला बलान पश्चिमी तटबंध पर सुघराईन भरैन मुशहरी के विस्थापित परिवारों से मिले और अंचल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को विपत्ति में धैर्य धारण करने का अपील करते हुए कहा कि बिहार सरकार के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। बिहार सरकार मुख्यमंत्री 9 अक्टूबर को सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खाते में सात हजार रुपए देने जा रहा है। जिला पदाधिकारी को फसल क्षति का आकलन कर सूची भेजने को कहा गया है। सूची प्राप्त होने के बाद किसानों को फसल क्षति का मुआवजा भी दिया जाएगा। सरकार बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है। उन्होंने ने चल रहे सामुदायिक किचन का निरीक्षण कर इसके गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे। कहा कि जिला, अनुमंडल से लेकर प्रखंड और पंचायत तक के प्रशासन एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजिक सरोकार के लोग का भी काफी सहयोग मिला। जिससे प्रशासन को पीड़ित परिवारों तक राहत को समय पर राहत पहुंचाने में सहुलियत हुई। उन्होंने इसके लिए सभी पदाधिकारी, कर्मी जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। निरीक्षण के दौरान समता मूलक समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार पासवान,सुघराईन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व पूर्वी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राम भजन यादव एवं भरैन मुशहरी के समाजसेवी पवन कुमार सिंह उर्फ भुल्ला ने संयुक्त रूप आवेदन पत्र देकर भरैन मुशहरी के लोगों को तटबंध से पश्चिम पुनर्वास करने की मांग किया। जिसपर मंत्री श्री सुमन ने मौके पर मौजूद एसडीओ उमेश कुमार भारती से मांगा पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ श्री भारती ने बाढ़ समाप्त होने के बाद उपयुक्त सरकारी जमीन के अधिग्रहण कर पुनर्वास के लिए कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

## निराला निकेतन में मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महावाणी स्मरण के तत्वावधान में निराला निकेतन में सोमवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी में शहर के वरिष्ठ कवि, शायर, एंव साहित्यकारों ने अपनी -अपनी रचनाओं का पाठ किया। सर्वप्रथम अंजनी कुमार पाठक ने शास्त्री जी के गीतों को गाकर काव्यगोष्ठी का शुभारंभ किया। आलोक कुमार अभिषेक ने ह्य जात-पंथ के भेदभाव में गुम हुएह्ल कविता के माध्यम से आज की सामाजिक विकृतियों पर करारा प्रहार किया।

रामवृक्ष राम चकपुरी ने ह्यराजनीतिज्ञों की राजनीति बनी -बनाई जागीरें ,जहाँ से खत्म हो जाएगा ह्यसुनाया। आलोक शर्मा ने ह्यबेटियों के लिए भी सर उठाया करोह्ल सुनाकर भावविह्वल कर दिया। नरेन्द्र मिश्र ने ह्यमन करता है कुछ गाने का, खाली घर की नीरवता मेंह्ल सुनाया। अंजनी कुमार पाठक ने जब तक जीवन नेकी है करना सुनाया ।रघुनाथ मोहब्बतपुरिया ने छएला मरदवा दुआर शोभेला गा कर सबको झूमा दिया। अरुण कुमार तुलसी ने ह्यरावण बनना कहाँ आसान था ह्यसुनाया। सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने गोकुल तजि श्याम कहाँ जात बानी सुनाया। डा. उषा किरण श्रीवास्तव ने हे माँ वीणा वादिनी वर दो सुनाकर माँ सरस्वती के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। डा. हरि किशोर प्रसाद सिंह ने बेटी है घर का सम्मान सुनाई। उमेश राज ने यादों का कफन ओढ़कर सो जायेंगे सुनाया। साहित्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने किया। मंच संचालन डा. हरि किशोर प्रसाद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन उमेश राज ने किया।

## मौसम रहेगा शुष्क, अगले 24घंटे में हल्की बूंदाबांदी की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार के जिलों में 13अक्टुबर तक मौसम शुष्क रहेगा ।अगले 24घंटो में कहीं -कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं हिरण मौसम विज्ञान विभाग ने 9 से 13अक्टुबर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31से 35डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 25से 27डिग्री सेल्सियस के बीच रहने कि अनुमान है ।पूवार्नुमिनित अवधि में 5-7किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलेगी ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.0 एवं 24.9 डिग्री सेल्सियस रहा ।किसानों को सलाह दी गई है कि पिछात बोयी गई धान की फसल जो कल्ले बनने की अवस्था में हो, में 30 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन करें। कहीं-कहीं अगात बोयी गई धान की फसल जो बाली निकलने की अवस्था में आ गई हो, में 30 किलो नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें ।धान की फसल में ब्राउन प्लांट होपर कीट की निगरानी करें। यह मच्छरनुमा कीट पौधा की पत्तियों एवं तने से रस चुसता है जिससे पत्तिया सुखी हुई तथा भुरे रंग की हो जाती है। प्रारंभ में यह एक स्थान में रहते है जो बाद में सारे खेत में फैल जाते हैं एवं कभी-कभी यह सारी फसल को नष्ट कर देती है। यदि प्रकोप दिखाई दें तो इमिडाक्लोरोप्रिड /0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल कर छिड़काव करें।

## डीएम , एसएसपी ने की आपसी सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार द्वारा दुर्गा पूजा के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु जिला शांति समिति के सदस्यों तथा जिला के अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव भी लिए गए तथा नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा प्रेम ,भाईचारा, शांति, सद्भाव का महान पर्व है ।इसलिए सभी लोग आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। पूजा के अवसर पर हर हाल में विधि व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था कायम रखी जाएगी तथा पर्व का शांतिपूर्ण आयोजन करने की अपील की। अफवाह फैलाने वाले, सांप्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव भंग करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी तथा दोषी को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।जिलाधिकारी ने जिला वासियों से पूजा के अवसर पर शांति बनाए रखने तथा आपसी प्रेम भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने किसी के बहकावे में नहीं आने, अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा सतर्क एवं सजग रहने की अपील की है ।पंडालों में अश्लील गीतों के बजाने पर रोक लगाई गई है। डीजे प्रतिबंधित रहेगा। लाउडस्पीकर का उपयोग रात्रि 10:00 बजेसे सुबह 6:00 बजे तक नहीं किए जाएंगे ।सोशल मीडिया पर गलत एवं भ्रामक सूचना प्रचारित करने,अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग पुलिस विभाग की साइबर टीम द्वारा कड़ाई से की जाएगी ।पूजा पंडालों में सुरक्षा मानक का ध्यान देने तथा सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। पंडालो में अग्नि सुरक्षा के तहत लूज वायर , जर्जर तार को सही करने तथा अग्निशमन यंत्र लगाने का निर्देश दिया। लाइसेंस में निर्गत दिशा निर्देश का पालन करने तथा रूट लाइन के अनुसार ही जुलूस एवं मूर्ति विसर्जन करने का निर्देश दिया। मूर्ति विसर्जन के लिए नगर निगम को कृत्रिम घाट का निर्माण करने का निर्देश दिया ताकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के गाइडलाइन का अनुपालन किया जा सके। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु रूट तय कर दिए जाएंगे। पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में रावण दहन के कार्यक्रम का सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने हेतु दोनों अनुमंडल पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में वैसे जगह का विजिट करने तथा सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पूजा के अवसर पर पेट्रोलिंग में तेजी लाई जाएगी। पुलिस व्यवस्था के तहत पैदल गस्ती, सादे लिवास में पुलिस की तैनाती की जाएगी। पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती कर दायित्व निर्धारित किया जायेगा। इसके लिए संयुक्तादेश जारी किए जाएंगे ।बैठक में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री विद्यासागर नगर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिहाग, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अपर समरता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम सुश्री श्रेया श्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## परशुराम ने ली राम की परीक्षा, धनुष भंग, राम सीता विवाह प्रसंग की संगीतमय की चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत स्थित शाहपुर परोही दुर्गा मंदिर के निकट नौ दिवसीय आयोजित श्री राम कथा के पांचवें दिन बाल व्यास आकांक्षा तिवारी ने प्रवचन करते हुए पुष्प वाटिका में राम सीता मिलन प्रसंग का सुमधुर भजन गाकर लोगों को ओत-प्रोत किया। वही उन्होंने धनुष भंग, राम सीता विवाह और परशुराम लक्ष्मण संवाद की भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने संगीत के माध्यम से राम सीता विवाह पर व्यापक रूप से चर्चा करते हुए लोगों को विवाहोत्सव की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब परशुराम ने श्री राम को धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर परीक्षा ली और जब राम ने बाण चढ़ाकर दिखाया तब परशुराम का भ्रम दूर हुआ। कथा सुनने काफी संख्या में नर नारी मौजूद थे। वहीं यजमान पंकज मिश्र और राजू मिश्र भी मौजूद रहे।

## बिजली के करंट लगने से 12 वर्षीय किशोरी की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समसतीपुर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में मंगलवार को पानी लेकर घर लौटने के दौरान खेत में गिरे 11000 पावर के विद्युत तार में सट जाने के कारण मौके पर ही 12 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई ।जिसकी पहचान वारिसनगर थाना क्षेत्र के कुसैया हजपुरवा गांव निवासी दिनेश राय के 12 वर्षीय पुत्री शिवरानी कुमारी के रूप में हुई है। लोगों का बताना है कि कुछ दिनों से ही वह मिजार्पुर में ही घर बनाकर रह रहा था। परिवार के लोगों ने करंट लगने के बाद उसे ईलाज के लिए स्थानीय निजी क्लीनिक में ले गया। जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।वही प्रशिक्षु डीएसपी व थाना अध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि मृतक के शव को जब तक कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजने की बात कही।

## हरियाणा की जीत मोदी के प्रति जनता का विश्वास की जीत है : अश्वनी यादव

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा प्रभारी अश्वनी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हरियाणा में मिले ऐतिहासिक विजय पर भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को प्रचंड जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दी । मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा की जबरदस्त जीत ने फिर से साबित कर दिया कि देश की जनता को भाजपा की नीतियों पर अटूट विश्वास हैं। श्री यादव ने कहा कि किसान,नौजवान और पहलवान को गुमराह करने वाले राहुल गांधी और सम्पूर्ण कांग्रेस पार्टी को हरियाणा की जनता ने करारा जबाब दिया है, श्री यादव ने कहा कि यह जीत मोदी जी के गारंटी और जनता की विश्वास की जीत है।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 गर्भवती महिलाओं का कराया गया सुरक्षित प्रसव

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। पश्चिम चम्पारण जिले के कुल 12 (बारह) प्रखण्ड बाढ़ से प्रभावित हुए। बाढ़ के कारण जिले में कई पंचायत/गाँव के लोगों को अन्य कठिनाई के साथ स्वास्थ्य संबंधित असुविधा हुई।

सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न स्थलों पर अबतक कुल 28 चिकित्सक, 34 ए०एन०एम० तथा 62 आशा कार्यकर्ता के साथ कुल 28 चिकित्सा शिविर/मेडिकल टीम सभी जीवन रक्षक दवाओं के साथ लगाये गये, जिनके द्वारा लगभग 800 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। सभी स्वास्थ्य शिविर/मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस सम्बद्ध किया गया था। मेडिकल टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 10 गर्भवती महिलाओं का संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराया गया।

### वन जीव प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिन खेलकूद का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित खेलकूद मैदान में वन जीव संरक्षण सप्ताह के मौके पर बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।वन प्रमण्डल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि एक अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक देश भर में वन जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है।जिसके तहत वन जीवो के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आए, इसके लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता सन्देश वाले कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रशिक्षु डीएफओ स्टॅलिन फेडरेल, रेंजर राजकुमार पासवान समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और वनकर्मी शामिल हुए।

### हरियाणा की जीत देश में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रमाण : सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने हरियाणा के जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह जीत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री की नीतियों की जीत है देश की जनता मोदी जी पर विश्वास करती है मोदी जी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं महामंत्री विवेक कुमार सिंह हरियाणा की जीत को सुशासन नरेंद्र मोदी की नीति एवं कार्यकताओं की जीत बताएं और कहा कि जम्मू और कश्मीर में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है निश्चित तौर पर यह आगाज है कि आने वाला समय जम्मू कश्मीर का बीजेपी का होने वाला है।

### नवरात्र के मद्देनजर इंडो नेपाल सीमा क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर के कई इलाके में नवरात्र के मद्देनजर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।बतादें की 3 अक्टूबर से नवरात्र चल रहा है जो 12 तारीख तक चलेगा। 12 तारीख को दशहरा पर्व मनाया जाएगा।इसीके मद्देनजर कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन सजग और सतर्क है।वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्र शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है।वहीं शनिवार की संध्या थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाल्मीकिनगर के शहरी क्षेत्र टंकी बाजार,तीन आरडी पूल चौक होते हुए वीटीआर के हृदयस्थली गोलचौक पर फ्लैग मार्च किया।इस फ्लैग मार्च में पुलिस प्रशासन की महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हुई।

### पांच लोगों पर सीसीए की कार्रवाई की अनुशंसा

इसुआपुर । दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर इसुआपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के पांच लोगों पर सीसीए की कार्रवाई हेतु सारण एसपी के पास अनुशंसा भेजा है। वहीं 275 लोगों पर धारा 107 की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि एसडीपीओ मढ़ौरा 2 के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के इसुआपुर बाजार, सढ़वारा, मुड़वा, पुरसौली नहर, पिपरहियां तथा शामकौरिया में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### देसी शराब के दो धंधेबाजों को पुलिस ने भेजा जेल

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस ने दिवा गशती के दौरान थाना क्षेत्र के एकडीपुर गांव के समीप से बनियापुर थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव निवासी योगेन्द्र महतो के पुत्र मनोज महतो के साथ एक बाइक सहित 80 लीटर देसी शराब बरामद किया गया वहीं एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढी गांव निवासी स्वर्गीय दिनेश सिंह के पुत्र कामेश्वर सिंह उर्फ चीनी के साथ 5 लीटर देसी शराब व दो फ्रूटी बरामद किया गया।

# यूपी से बिहार में लाई जा रही शराब की बड़ी खेप को पुलिस ने बलोरो सहित तस्कर को गिरफ्तार किया

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित धनहा से विदेशी शराब की बड़ी खेप पहुंचाने जा रही बलोरो सहित तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दरअसल पर्व त्यौहार के मौसम में पुलिस चौकस है लिहाजा 24 घंटे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में धनहा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौतम बुद्ध सेतु पर वाहन जांच किया जा रहा था तभी यूपी से आ रहीं बोलेरो को देखते ही पुलिस को संदेह हुआ जिसके बाद उसकी गहन तलाशी ली गई जिसमें शराब की बडी खेप को पुलिस ने जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया गया है।

बतादे कि दो दिन पूर्व भी ऐसे ही एक बोलेरो गाड़ी को शराब के साथ पकड़ा गया था, ठीक उसी प्रकार से इस बोलेरो में भी तहखाना बनाकर विदेशी शराब को छुपाया गया था । मिली जानकारी के मुताबिक विदेशी शराब की बड़ी खेप को पहुंचाने जा रही बोलेरो गाड़ी और कारोबारियों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बलोरो को शराब के साथ जप्त करते हुए चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि बलोरों गाड़ी में 17 पेटी विदेशी को जप्त किया गया है। जिसकी कीमत लाखों में आँकी जा रहीं है। प्रतिबंधित शराब उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत दुदही से लेकर बिहार के मोतिहारी जा रहा था तभी धनहा में गौतम बुद्ध सेतु पर वाहन जांच के दौरान विदेशी शराब के साथ बोलेरो जप्त करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि गिरफ्तार कारोबारी योगापट्टी थाना क्षेत्र के गोलाघाट डुमरी निवासी भवसागर यादव है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है लिहाजा बगहा पुलिस शराब करोबारियो को किसी भी सूरत में बक्सनें के मूड में नहीं है तभी तो गुप्तचर के जरिये लगातार शराब लदे वाहन जब्त किये जा रहें हैं जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है ।

# बगहा नगर परिषद ने दशहरा छठ और दीपावली के मद्देनजर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। नगर परिषद बगहा द्वारा आगामी दशहरा, दिवाली और छठ पर्व के मद्देनजर एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिसमें एसबीआई चौराहा, बगहा एक चौराहा और एसबीआई चौक से रेलवे स्टेशन तक के मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार ने जानकारी दी कि त्योहारों के साथ गन्ने के सीजन की भी शुरूआत होने वाली है, जिससे नगर में यातायात और बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने और नगर की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

उन्होंने बताया कि अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के अतिक्रमण को हटाया गया, ताकि नगर की सड़कों पर यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सके। इस अभियान में नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी, बड़ा बाबू राकेश रौशन, जेई प्रदीप कुमार, अमीन अभय कुमार, सिटी मिशन मैनेजर कुंदन कुमार, रूपेश कुमार, समीर, सद्दाम, चन्दन कुमार, आशीष कुमार, रविशंकर और आजाद समेत कई कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी अव्यवस्था से निपटने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

कार्यपालक पदाधिकारी ने नगरवासियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और नगर की सड़कों पर अतिक्रमण से बचें। ताकि त्योहारों के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# बगहा अनुमंडल के सभी 18 संकुल संघ की लीडर्स के साथ संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के कुल 18 संकुल संघ से आयी जीविका दीदियों के साथ जिला परियोजना प्रबंधक श्री आर. के. निखिल की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी दीदियों ने जीविका परियोजना से जुड़ने के बाद सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने की दास्तान बयान की।

दीदियों ने बारी-बारी से अपना परिचय देते हुए यह बताया कि समूह से कर्ज ले कर उन्होंने बकरी पालन, मुर्गी पालन, खेती बारी, किराना दुकान, सब्जी और फल की दुकान, नाश्ता की दुकान, कपड़े की दुकान जैसे जीविकोपार्जन कार्य कर अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

सभी दीदियों ने अपना परिचय देते हुए जानकारी दी कि सभी दीदी समूह के पाँच नियम, जैसे नियमित बैठक, नियमित बचत, लेन देन, नियमित ऋण वापसी और सही सही लेखांकन का खुद भी पालन कर रही है और समूह की दूसरी दीदियों इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

दीदियों ने बताया कि सभी दीदी ने अपना और अपने परिवार का जीवन बीमा भी करा रखा है. हरनाटांड की रहने वाली सत्याग्रह संकुल संघ की अध्यक्ष रंजीता काजी ने बताया कि समूह मैके से भी ज्यदा भरोसेमंद है, और हर अच्छे बुरे वक्त में समूह ढाल की तरह काम करता है।

दीदियों ने यह भी बताया कि उनके घर में शौचालय और स्नानघर है जिसका उनके परिवार के सभी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस संवाद कार्यक्रम में दीदियों को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल ने जानकारी दी की जीविका दीदी इस अनुमंडल में संचालित अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालयों में रसोइया और स्कूल की साफ सफाई का काम बखूबी निभा रही है। जिससे जीविका दीदियों रोजगार का वैकल्पिक अवसर भी मिला है। उन्होंने सभी दीदियों से अनुरोध किया कि सभी दीदी अपने घरों में पोषण वाटिका लगायें ताकि उनको निरंतर पोषण मिलता रहे। साथ ही साथ उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए वैक्तिगत स्वच्छता ,और अपने परिवेश की स्वच्छता पर ध्यान दे कर बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता हैं।

# इफको छपरा द्वारा कौरु धौरु पैक्स भवन पर कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



मांझी। इफको छपरा द्वारा मांझी प्रखंड के कौरुधौरू पंचायत के गुदार्हा कला गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र पदाधिकारी छपरा सचिन प्रताप सिंह ने बताया इस क्षेत्र में किसान नितेश कुमार सिंह के खेत में नैनो डीएपी का उपयोग किया गया है। जिस पर वैज्ञानिक और किसानों ने भ्रमण किया और खेत में लगी फसल को संतोषजनक पाया। कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र चंदोला ने विभिन्न फसलों में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, ड्रोन का खेती में उपयोग एवं महत्व, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति, कृषि विज्ञान केन्द्र में चल रही विभिन्न योजनाओं, जैसे प्राकृतिक खेती, जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम, सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रतिक्षण आदि के विषय में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इफको पटना के उप महाप्रबंधक वाईपी. सिंह ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस व डीएपी तथा अन्य उत्पाद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रसायनिक उर्वरकों का उपयोग किसान भाई कम से कम करें। इस दौरान कई किसानों के खेत मे ड्रोन से नैनो यूरिया व डीएपी का छिड़काव भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में राजू कुमार, बिट्टू कुमार, अशोक कुमार रोहित कुमार आदि किसान मौजूद थे।

### गंभीर जखम व सर्जरी की पीड़ा भी आस्था को विचलित नही कर सकी



छपरा कार्यालय, प्रातः किरण। मां अम्बिका भवानी के दरबार मे दुर्गा सप्तशती के पाठ करने की जज्बा ने शारीरिक वेदना को भीं भुला दिया पुत्र कामना से पिछले चार वर्षो से नवरात्रि पाठ कर रहे दिघवारा प्रखंड के बस्ती जलाल निवासी डाक्टर आशुतोष कुमार उर्फ वकील डाक्टर के नाम से विख्यात मां के एक भक्त ने बताया कि मां अम्बिका ने मेरे प्राण की रक्षा कर दी तो व्रत व पाठ से क्यों समझौता करुं।सत्रह सितंबर को गंभीर रुप से घायल डां आशुतोष ने 17-21 सितम्बर तक इजाजत रहने के बाद 22 सितंबर को पटना में सर्जरी कराई।डाक्टर ने छः महिने मे राहत मिलने की संभावना जताई लेकिन सच्ची भक्ति व आस्था ने दो सप्ताह के भीतर हीं राहत दे दिया और वे पट्टी लगाए हुए हीं आमी मे खुद बाईक चलाकर 8-10 किमी की दूरी तय कर पाठ कर रहे हैं।मां अम्बिका ने उनके आस्था और विश्वास को तब और बलवती कर दी जब उन्हे पिछले वर्ष पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई।

### शराब व मोटरसाइकिल के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

इसुआपुर । थाना क्षेत्र के सहवां गांव से गुप्त सूचना के आधार पर स्वर्गीय महेश मांझी के पुत्र अनिल मांझी को 10 लीटर देशी शराब तथा एक बिना नंबर का स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । वह शराब तथा मोटरसाइकिल अपने घर में छुपा कर रखा था । जिसे इसुआपुर पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं धंधेबाज को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया । यह जानकारी थानाध्यक्ष कमल राम ने दिया।

### इसुआपुर में कन्या जन्मोत्सव पर माताओं को किया गया सम्मानित



इसुआपुर , प्रातः किरण। प्रखंड के रामचौरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास निगम के तहत कन्या जन्मोत्सव व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप बेटियों की परवरिश अच्छे माहौल में करें। आज की बेटियां बेटो से कतई कम नहीं हैं। इन्हें अच्छे शैक्षणिक परिवेश, अच्छा संस्कार दें। बेटियां आगे बढ़ेंगी तभी परिवारव समाज का विकास होगा। सरकार के द्वारा दी जाने वाली बालिकाओं की योजना से संबंधित विस्तृत जानकारियां भी दी गईं। वही सीडीपीओ के द्वारा कन्या जन्मोत्सव पर पांच माताएं नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, रानी कुमारी, मजरेहा खातून, सुगांती कुमारी जिन्हें पुत्री रत्न प्राप्त हुआ है, उन्हें कन्या जन्म पर बधाई संदेश के साथ उपहार स्वरूप एक कीट दिया गया। साथ ही किशोरी बालिकाएं शालू सिंह, प्रीति कुमारी, दिव्यांशु कुमारी,खुशबू कुमारी, रोशनी कुमारी सहित 50 किशोरी बालिकाओं को एम एच एम किट प्रदान किया गया तथा साफ सफाई के बारे में बताया गया। बालिकाओं के द्वारा सुंदर रंगोली भी बनाई गई थी। मौके पर सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी,एलएस पिंकी कुमारी,अनु कुमारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी विनीता, सेविका नीतू कुमारी, बेबी कुमारी,चंद्रावती कुमारी, मीरा देवी व अन्य थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिका दिवस पर हुआ विशेष आयोजन



● बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

नगरा।प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अरवा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का नेतृत्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीतू सिंह ने किया, जिनके दिशा-निर्देशन में विद्यालय में पेंटिंग,मेंहदी, किशोरी बैठक और वातालाप जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं.कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना, लिंग आधारित असमानताओं को समाप्त करना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.उन्होंने जोर देकर कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है.इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकगण और विद्यालय के कर्मियों ने बेटी है तो कल है

संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की शपथ ली.कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक निभा कुमारी, वार्डन रिशु कुमारी,महिला पर्यवेक्षिका प्रिया राज, शिखा कुमारी, ज्योति कुमारी सहित अन्य शिक्षक और कर्मी भी मौजूद रहे. उन्होंने भी बालिकाओं के अधिकारों, उनकी शिक्षा और सुरक्षा पर चर्चा की.

# खैरा बाजार में राजस्थान के राजदरबार की थीम पर आधारित मां दुर्गा का भव्य पंडाल तैयार

प्रातः किरण संवाददाता



नगरा।खैरा बाजार स्थित राम जानकी मठ में इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन बेहद खास और भव्य रहने वाला है.क्योंकि यहां राजस्थान के शाही राजदरबार की थीम पर आधारित पंडाल बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है.लगभग 100 साल पुरानी परंपरा को निभाते हुए इस बार का पंडाल न केवल अपने शाही स्वरूप के लिए चर्चा में है बल्कि इसे बनाने में साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल भी पेश की गई है.मां का पट्ट इस भव्य पंडाल में खोला जाएगा,जिसकी पूजा समिति ने पूजा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं.जानकारी अनुसार इस वर्ष खैरा पूजा समिति ने पश्चिम बंगाल से कुशल कारीगर बुलाकर इस विशेष पंडाल का निर्माण करवाया है.प्रमुख कारीगर संजय मंडल ने बताया कि उनकी 7 से 10 कारीगरों की टीम ने पिछले 15 दिनों में दिन-रात मेहनत कर इस अद्भुत पंडाल को साकार किया है.पंडाल में 500 बांस, 150 सीएफटी लकड़ी, 3000 मीटर कपड़ा, 3 क्विंटल रस्सी और 1 क्विंटल कांटी का इस्तेमाल किया गया है. मखमली कपड़े से सजे इस पंडाल ने राजस्थान के राजदरबार की थीम को जीवंत रूप दिया है, जो सभी को मंत्रमुग्ध कर देगा.वहीं इस बार की एक खास बात यह भी है कि पंडाल निर्माण का ठेका मुस्लिम ठेकेदार सुहेल खान को दिया गया है,जो सर्वधर्म समन्वय का अद्भुत उदाहरण पेश करता है.सुहेल खान ने पश्चिम बंगाल से कारीगरों को बुलाकर इस भव्य पंडाल का निर्माण करवाया है, जिससे धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश पूरे क्षेत्र में फैला है.वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष भोला राय और सचिव विष्णु राय के अनुसार इस पंडाल के निर्माण में कुल 5 लाख 11 हजार रुपये की लागत आई है.

इस पंडाल की भव्यता इस वर्ष के आयोजन को एक नया आयाम देगी. इसके अलावा पूजा समिति के सचिव विष्णु कुमार,सदस्य राघवेन्द्र सिंह, श्रीकांत यादव, दीनबंधु चौरसिया, रंजन सिंह, विनय चौरसिया, और प्रभाकर सिंह सोनू सहित अन्य सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने में पूरी तरह से जुटे हुए हैं.

# सिसवा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

● महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



नगरा।बिहार सरकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत नगरा प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती गांव सिसवा रसूलपुर में निः शुल्क प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह तथा जदयू जिलाध्यक्ष अलताफ आलम राजू व प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर संजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया.उद्घाटन के बाद प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर संजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की इस योजना के अंतर्गत लड़कियों को जनरल ड्यूटी असिस्टेंट,सिलाई,रिटेल सेल्स एसोसिएट्स,और कंप्यूटर रिपेयरिंग आदि जैसे कौशलों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह महिलाओं और लकड़ियों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है.यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगी.इस अवसर पर बनियापुर के विधायक एवं बिहार विरासत विकास समिति के सभापति केदारनाथ सिंह,जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू,आईएसीटी के डायरेक्टर संजीव कुमार सिंह ,जिला पार्षद आनंद राय, रसूलपुर पंचायत के मुखिया पन्नालाल,रामपुर के मुखिया अमरेंद्र सिंह, बनियापुर के पूर्व प्रमुख वीरेंद्र सिंह उर्फ बाबा, मसरख के पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, बनियापुर के समाजसेवी छोटे ओझा,सारण जिले के डीपीएम प्रेम प्रकाश, और बीजेपी पार्टी के आईटी सेल जिला सहसंयोजक ई प्रभाकर कुमार सिंह,मो. रेयाजुद्दीन सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य लोग सहित छात्राएं मौजूद थी.

# दुर्गा पूजा में नगर की अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराब

■ करोड़ों खर्च करने के बाद भी दुर्गा पूजा में नगर वासियों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा ।देखते ही देखते दुर्गा पूजा शुरू हो गया और नवरात्र का आज सातवा दिन भी आ गया। मगर मढ़ौरा नगर पंचायत के खराब परी स्ट्रीट लाइट को अभी तक ठीक नहीं किया जा सका। इस दुर्गा पूजा में मढ़ौरा नगर पंचायत को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक करोड़ों खर्च करने के बाद भी इस दुर्गा पूजा में भी नगर पंचायत अंधेरे में है। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में करोड़ों खर्च करने के बाद भी हर एक वार्ड में आधा अधूरा ही लाइट लग सका जिसमें से ज्यादा तर लाइट खराब हो गया।

नवरात्र शुरू हो गया है किंतु अभी तक खराब परी स्ट्रीट लाइटों को नगर प्रशासन द्वारा नहीं बनाया जा सका है। नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक ने भी अपने योगदान के तुरंत बाद नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो की खराब परी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने की घोषणा की थी। मगर वार्डों की खराब परी स्ट्रीट लाइटों को कौन कहे की मढ़ौरा मुख्य बाजार की क्या कहे स्टेशन रोड सरकारी अस्पताल चौक, गढ़देवी चौक, अन्य कई दुर्गा पूजा स्थलों के आसपास व अन्य कई जगहों पर भी स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं की जा सकी।

वार्ड नंबर 10 के पार्षद अमरजीत कुमार, वार्ड नंबर 11 के पार्षद चितरंजन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शोभित राय, व अन्य कई वार्ड पार्षदों का कहना है कि उनके वार्ड में भी आधे वार्ड में नई स्ट्रीट लाइट गई मगर उसमें से भी आधा से अधिक खराब है। जिसे ठीक करने का कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा घोषणा किया गया है। देखते ही देखते दुर्गा पूजा भी शुरू हो गया मगर अभी तक लाइटों को ठीक करने का कार्य शुरू नहीं किया जा सका।

# बेतिया नगर निगम में सगे संबंधी को फर्जी सफाई कर्मी बना पार्षद करा रहे फर्जी भुगतान

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। स्थानीय नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षद वार्ड में अपने सगे संबंधी और करीबियों को फर्जी सफाईकर्मी बता उनके नाम पर सरकारी राशि का महीनों से गबन कर रहे हैं। नगर विकास एवम आवास विभाग को मिली इसकी शिकायत के बाद विभाग के अवर सचिव ने नगर आयुक्त शंभू कुमार को इसकी गंभीरता पूर्वक जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। अवर सचिव के पत्र में उल्लेख है कि नगर निगम के वार्ड 02, 22, 29 और 40 में सगे संबंधी को फर्जी सफाई कर्मी बना पार्षदगण फर्जी भुगतान करा रहे हैं। संबंधित जन शिकायतों में इससे संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई है। इधर विभागीय अवर सचिव के स्तर से नगर आयुक्त को पत्र लिख कर इस तरह से गबन की शिकायतों की जांच कर रिपोर्ट करने का अनुरोध किए जाने का पत्र प्राप्त होते ही नगर निगम क्षेत्र के ऐसे अन्य वार्डों में भी खलबली मच गई है। इधर नगर निगम महापौर ने बताया कि इस प्रकार से गबन और धांधली की विभाग को मिली शिकायत में नगर निगम के वार्ड 02, 22, 29 और 40 से प्राप्त जन शिकायतों का उल्लेख है।

# सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 के लिए विकास लक्ष्य किया निर्धारित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिमार्ता तथा मयूरी ई-रिक्शा ब्रैंड पेश करने वाली कंपनी सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो लिमिटेड ने बिहार में अपनी मार्केट स्थिति को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की हैं। सायरा ने बाजार में महत्वपूर्ण पैठ बना ली है और इस क्षेत्र में मार्केट लीडर के तौर पर अपनी साख बढ़ाते हुए पटना में विव 2023-24 के दौरान 2,930 यूनिटों की बिक्री दर्ज की। विव 2024-25 में, अगस्त माह तक कंपनी की अनुमानित बिक्री 1,120 यूनिट दर्ज की गई है। सायरा द्वारा 20झ30% के अनुमानित विकास के साथ, चालू वित्त वर्ष के अंत तक पिछले वर्ष के आंकड़ों को पीछे छोड़ देने का अनुमान है।

सायरा ने देशभर में अपने डीलरशिप नेटवर्क में विस्तार करने के मकसद से 500 नए शोरूमों को खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसके चलते मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक इसकी डीलरशिप में शोरूमों की संख्या 1200 तक पहुंच जाएगी। यह विस्तार सायरा की दीर्घकालिक विकास रणनीति तथा देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को उन्नत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नितिन कपूर ने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में जोर देते हुए कहा, ह्यह्यहमारे इस विस्तार से न सिर्फ बाजार में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी बल्कि यह उन्नत सेवाओं और सपोर्ट के साथ हमारे कारोबार के जरिए ग्राहकों की बदलती जरूरतों को भी पूरा करने में मददगार साबित होगा। भारत की पहली ई-रिक्शा कंपनी के तौर पर, मयूरी ने लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराते हुए, क्वालिटी तथा परफॉरमेंस के मोर्चे पर नए मानक रचे हैं। इनोवेशन तथा सस्टेनेबिलिटी पर जोर देते हुए, हमने लाखों लोगों के लिए आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए हैं। हमारे परिचालनों का प्रत्येक पहलू, चाहे वह आर एंड डी हो या सप्लाई चेन से लेकर सर्विस नेटवर्क, हमारे पार्टनर्स तथा ग्राहकों के प्रति हमारे वायदों को पूरा करने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को भी आगे ले जाने में मदद कर रहा है।ह्न

सायरा की विभिन्न योजनाएं भारत सरकार द्वारा देशभर में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाए जाने के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। कंपनी विव 2024-25 के लिए निर्धारित अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्नविवि के पदाधिकारियों एवं प्राचार्य ने किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



दाउदपुर। जेपीयू के तत्वावधान में नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर-दाउदपुर के परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन जेपीयू के कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, खेल समन्ववयक राजेश नायक, खेल पदाधिकारी डॉ शेखर कुमार व कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ के पी श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस प्रतियोगिता में नंदलाल सिंह कालेज समेत कई कालेज के छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। ताइक्वांडो में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 45 किलोग्राम भार में बालिका वर्ग में स्थानीय नंदलाल सिंह कालेज की शिल्पी कुमारी ने गोल्ड मेंडल व इसी कालेज की प्रीति कुमारी ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 55 किलोग्राम में विद्याभवन महिला कालेज सिवान की अंजली कुमारी ने गोल्ड मेडल, देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद कालेज जीरादेई की कल्पना कुमारी ने सिल्वर तथा 70 किलोग्राम भार में राम जयपाल सिंह कालेज की संगीता कुमारी ने गोल्ड व जेपीएम कालेज की छपरा छात्रा काजल कुमारी ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने कालेज का नाम रौशन किया। वहीं बालक वर्ग में 55 किलोग्राम भार में राम जयपाल सिंह कालेज छपरा के सूर्यकांत कुमार वैभव ने गोल्ड मेडल, जगलाल चौधरी कालेज छपरा के जितेंद कुमार ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं 70 किलोग्राम भार में यदुनंदन कालेज दिघवारा के अभिषेक कुमार ने गोल्ड मेडल व सत्येंद्र कुमार ने सिल्वर मेडल हासिल कर अपने कालेज का नाम रौशन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार रंजन के सहायक प्राध्यापक पद पर बहाल होने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बता दे कि राकेश कुमार रंजन की नियुक्ति भौतिकी विषय में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से हुई है। राकेश कुमार रंजन को प्रचार्या डॉ पूनम कुमारी ने बधाई देते हुए कहा कि राकेश शुरू से ही अच्छे शिक्षक है। बधाई देने वालों में डॉ श्वेता कुमारी, डॉ बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ आदित्य कुमार, डॉ राकेश चौधरी आदि शामिल है।

### दुर्गा पूजा पंडालों में अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना जरूरी

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत दुर्गा पूजा पंडालों के लिए बिजली विभाग अस्थाई बिजली कनेक्शन दे रहा है। पूजा समितियों को एक किलोवाट कनेक्शन के लिए 2049 रुपए देने होंगे। शहर और ग्रामीण इलाकों में जितने भी पूजा पंडाल बनेंगे वहां बिजली व्यवस्था को पूजा शुरू होने से पहले ही दुरुस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा मंदिरों और अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा होती है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा बताया गया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में एक किलोवाट का बिजली कनेक्शन लेने के लिए न्यूनतम 2049 रुपए देने होंगे। इसके लिए उन्हें अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना होगा।

### 108वां लवारिस शव का किया गया दाह संस्कार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । संत रविदास जनसेवा संगठन भोजपुर एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी भोजपुर आरा के सयुक्त तत्वाधान में 108वां अंजान अज्ञात लवारिस पुरुष शव के रुप में दाह संस्कार किया गया ' बताते चले की लगभग 50वर्षिय अज्ञात लवारिस हालात में मृत पुरूष का शव नगर थाना आरा भोजपुर एवं दुसरा रेलवे आरा जीआरपी से 20वर्षिय युवक का शव तथा तीसरा 30वर्षिय अज्ञात युवक का शव सदर अस्पताल अधिक्षक कार्यलय द्वारा दिनांक 22सितंबर को पोस्मार्टम कराने के बाद सामाजिक संस्था को सदर अस्पताल कैंप थाना के इंचार्य सह सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह एवं जीआरपी आरा रेलवे के सिपाही तथा सदर अस्पताल आरा के लीपिक सत्य प्रकाश द्वारा प्राप्त हुआ ' तीनो अज्ञात हिन्दू लवारिस शवो का पोस्मार्टम करवाकर पहचान हेतु नियमानुसार 72घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया । अज्ञात लवारिस मानव शव का विधिवत अपना परिजन वारिस बनकर निस्वार्थ भाव से आरा गांगी शमशान मानव मोक्ष घाट पर अंतिम क्रियाक्रम किया गया ।
के रुप में हिन्दू रितीरिवाज के अनुसार संस्था संस्थापक महासचिव सह समाजसेवी अमरदीप कुमार जय ने 108वीं अज्ञात लवारिस शव के रूप में मुखाग्नी देकर दाह संस्कार कराने का बखूबी कार्य किया संस्था के नियमित मंथली सक्रिय सदस्य पकड़ी आरा निवासी रिटायर बैंककर्मी अशोक कुमार श्रीवास्त्व संग संस्था के मुख्य संरक्षक मिश्रीलाल वी जैन के आर्थिक सहयोग के बल पर मानव मोक्ष दिलाया गया '

### पुलिस प्रशासन ने किया तीन लीटर महुआ पास विनिष्ट

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। चरपोखरी थाना क्षेत्र के गडहनी गाँव स्थित महादलित बस्ती मे चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व मे अभियान चलाकर लगभग तीन सौ लीटर महुआ का पास विनिष्ट किया गया।हालांकि पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी मौके से भागने मे सफल रहे।श्री सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर शराबियों की धर पकड की जा रही है।वहीं शराब कारोबारियों के बिरूद्ध सघन छापामारी कर उनके मनसूबे को नष्ट किया जा रहा है।

### समीर कुमार ने मेथीमेटीक्ल साइंस परिक्षा में गया जिला में प्रथम स्थान लाकर जिले का नाम रौशन किया

प्रातः किरण संवाददाता

गया । टिकारी नगर परिषद् निवासी तिताईगंज के सत्येन्द्र नारायण सिंह के पुत्र समीर कुमार ने बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित टेलेट सर्च इन मेथीमेटीकल साइंस परिक्षा में पूरे बिहार में अंडर टाप टेन में तथा गया जिला में प्रथम स्थान लाकर गया जिले का नाम पूरे बिहार में रौशन किया जिसको लेकर समीर कुमार की माता जो प्रार्थमिक विद्यालय की शिक्षिका हैं उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र समीर कुमार बचपन से मेधावी छात्र रहा है और इसकी इच्छा यह है की भविष्य में आई ए एस बनकर समाज में महत्वपूर्ण योगदान देना तथा आम छात्रों को मेधावी छात्र होने का मिशाल कायम करना अंतिम इच्छा है इस मौके पर भाजपा बागवानी प्रकोष्ठ के संयोजक, मनीष पंकज आदि थे।

# दुर्गापूजा को लेकर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च,उपद्रवियों को दिया संदेश

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के कोइलवर में दुगार्पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने के लिए कोइलवर पुलिस ने सदर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के साथ कोइलवर में फ्लैग मार्च निकाला।
दुर्गा पूजा को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। मंगलवार को सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह और कोइलवर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल ने संयुक्त रूप कोइलवर नगर पंचायत क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गई।
इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस बल के जवानों के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पूजा पंडालों का निरीक्षण भी किया। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। दुगार्पूजा के सफल आयोजन और संधारण के लिए इलाके में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया है। दुगार्पूजा के दौरान असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी की जाएगी।किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालो को बख्शा नही जाएगा। इधर मंगलवार की शाम इलाके में निकला फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर थाना क्षेत्र के कोईलवर चौक,मियांचक, बाजार मुहल्ला,काजी मुहल्ला,शहीद कपिलदेव चौक,सुरौधा कॉलोनी,स्टेशन रोड पावर हाउस थाना मोड़ समेत अन्य जगहों पर होते हुए थाना क्षेत्र के अन्य इलाकों में भ्रमण कर वापस थाना पहुंची।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर पूर्व कृषि मंत्री सह विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचंड बहुमत मिलने पर पूर्व कृषि मंत्री सह स्थानीय विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ज की नीतियों की जीत है। हरियाणा चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में भाजपा का आना भाजपा की जननीति किसान, नौजवान, पहलवान, मजदूर और महिलाओं के बदौलत साकार हुआ है। हरियाणा की समझदार जनता ने भाजपा को जीता कर भगवान राम और सनातन को गालियां देने वालों के मुंह पर विभाजनकारियों को तमाचा है। इसके साथ ही जम्मु कश्मीर में भाजपा को प्रचंड मत देने के दोनों राज्यों की जनता को हृदय से आभार साधुवाद है। यह जीत जनता जनार्दन की जीत है। इस जीत में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नवाब सिंह सैनी, माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, श्री राजनाथ सिंह, श्री धर्मेन्द्र प्रधान, श्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ ही केन्द्रीय एवं राज्य नेतृत्व के मेहनत के बदौलत ही जीत हुई है। आज जलेबी की फैक्ट्री लगाने वाले राहुल गांधी और महागठबंधन की हार हुई है। देश में झूठ बोलने वालों की हार हुई है एवं जननायक जन जन के नेता मोदी जी की लहर सम्पूर्ण देश में बह रही है। दोनों राज्यों के महान मतदाताओं को यह जीत समर्पित है। बधाई देने वालों में सुशील कुमार मिश्र, जीतु चौरसिया अजय सिंह आदि प्रमुख हैं।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के कुछ गाँवों में जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया खाद्य सामग्री वितरित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बालदेव साहू डीएवी. प.स्कूल,आरा द्वारा एक निर्धारित कार्यक्रम के तहत भोजपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के कुछ गाँवों में जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं , अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों के सहयोग से चावल, दाल, आटा, सत्तू, गुड़, चूड़ा , चना, ब्रेड, बिस्कुट, मिक्सर आदि खाद्य सामग्री प्रचूर मात्रा में इकट्ठा कर बड़हरा क्षेत्र के कर्जा , नेकनाम टोला तथा अन्य निकटवर्ती इलाकों में वितरित की गई।लगभग प्रातः10:30बजे के करीब प्राचार्या नीशू जायसवाल ने खाद्य-सामग्री ले जा रही बस को वैदिक ध्वज लहराकर रवाना किया। अस्वस्थ होने के बावजूद भी प्राचार्या ने काफी सक्रियता बरतते हुए इस महती कार्य को संचालित किया। उन्होंने कहा कि डीएवी.परिवार राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाजोपयोगी कार्यक्रमों को लेकर जाना जाता रहा है। बिहार में बाढ़ ने जिस तरह से लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त किया है वैसे में जरूरतमंद लोगों का सहयोग करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। बालदेव साहू डीएवी.,आरा के विद्यार्थियों व अभिभावकों द्वारा यह बहुमूल्य सहयोग शिक्षण व समाजिक कार्यों के प्रति हमारे उद्देश्य पूर्ति में विशेष सहायक है। प्राचार्या ने इसके लिए सबका आभार जताया। शिक्षक सुशील कुमार, अभिषेक कुमार, सुबोध पाण्डेय,सचिन पाठक, संजीव कुमार, एच.स्मित, बिनोद दूबे ,अभिमन्यु सिंह, ब्रजेश मिश्रा, उमेश कुमार, संजय श्रीवास्तव,शशि कुमार, राकेश रंजन, कमलेश दूबे,शशि कुमार, शाहजाद आलम, विष्णुशंकर ओझा आदि के साथ-साथ वरीय लीपिक बिजेंद्र सिन्हा व कार्यालय कर्मी रमेश सिंह ने इस कार्यक्रम में सक्रिय श्रम सहयोग किया। जरूरतमंद लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह नजर आया।

## भोजपुर जिला जनता दल यू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के द्वारा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार का किया गया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । आरा परिषदन में भोजपुर जिला जनता दल यू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत मेहता ने की इस बैठक के मुख्य अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार उपस्थित हुए मौके पर किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहे हैं जिसके कारण किसानों के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है उन्होंने क को आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां कृषि रोड मैप के माध्यम से दिशा दशा सुधारने की पहल शुरू हुई है सरकार द्वारा संचालित योजना जैसे डीजल अनुदान भी अनुदान सहित कई कार्यो की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी किसान इन योजनाओं के लाभ से जानकारी के अभाव के कारण वंचित है उन्हें इसके बारे में अवगत कारण और लाभ दिलाने में कार्यकर्ता सहयोग करें मौके पर जिला अध्यक्ष अजीत मेहता ने कहा कि प्रदेश की सरकार 2008 में कृषि रोड मैप की शुरूआत की थी । ।साथ ही बिजली के क्षेत्र में सरकार के द्वारा काफी अच्छी पहल की गई है किसानों के लिए खेतों तक बिजली पहुंचाने में सरकार काम कर रही है और उन्हें सस्ते दर पर बिजली दे रही है इस मौके पर प्रदेश से आए प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार कार्यालय प्रभारी प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश नारायण सिंह मुकेश सिंह राम सकल सिंह भोजपुरिया उमेश सिंह कुशवाहा प्रखंड से आए प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह रोहित कुमार सूरज कुमार मणिकांत सिंह टुनन लाल शशि भूषण राय कृष्णा यादव संजीत कुमार संतोष कुमार सिंह दिनेश राम सुशील कुमार सिंह आशुतोष कुमार विकास कुमार सिंह चंद्रभूषण सिंह और जिला कमेटी के सदस्य राम बाबू सिंह बब्बन सिंह शंभू नाथ सुधीर कुमार देवी दयाल सिंह श्रीनिवास सिंह सुनील कुमार सिंह जिला प्रवक्ता आनंद प्रकाश एवं जिले के कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्र राजद नेता अमन लाल पर जानलेवा हमले के विरोध में छात्र नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन




प्रातः किरण संवाददाता

आरा । पटना विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर भूगोल के छात्र एवं छात्र राजद नेता अमन लाल पर जानलेवा हमले के विरोध में छात्र राजद नेताओं ने वीकेएसयू अध्यक्ष सत्यजीत राज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर घंटों विरोध प्रदर्शन किया। छात्र राजद अध्यक्ष सत्यजीत राज ने कहा कि जिस तरह से अमन लाल को बन्दूक के सहारे अगवा कर सैदपुर हॉस्टल ले जाकर जान लेने के उद्देश्य से मारा गया, ऐसे में कोई भी छात्र खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। सैदपुर हॉस्टल को हमेशा के लिए बन्द कर, सभी हमलावरों की पहचान कर उनका शैक्षणिक सत्र रद्द करने की बात कही। पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष सह जिला पार्षद भीम यादव ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हमलावरों के साथ नरमी नहीं बरती जानी चाहिए क्योंकि छात्रों के बीच भय का माहौल बन गया है। शैक्षणिक परिसर में गुंडागर्दी और भय के माहौल को समाप्त करने हेतु हमलावरों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। विरोध प्रदर्शन में छात्र नेता तेजू त्यागी, अनुप मौर्य, प्रकाश कुमार, धिरज कुमार, रविकांत यादव, धिरेन्दर द्विपू, अमित कुमार, मदनमोहन मालवीय, पंकज सम्राट, राज रत्न, रंजन कुमार, राहुल कुमार आदि छात्र नेता मौजूद रहे।

# माँ आरणय डांडिया सीजन 4 मे देर रात तक झूमा आरा शहर





प्रातः किरण संवाददाता

स्थानीय आरा ग्रांड होटल मे सोमवार को इडिएन और डीजे बाहुबली के द्वारा माँ आरण्य डांडिया सीजन 4 का शुभारम्भ भाजपा बिहार प्रदेश के सह संयोजक आलोक अंजन ने किया . आलोक रंजन ने संस्था के सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और कहा की ऐसी गतिविधियां शहर में होती रानी चाहिए जिससे हमारी संस्कृति और परंपरा हमेशा कायम रहे .डीजे बाहुबली और एडिएन के ऑनर अमरेंद्र नाथ राय,एवं डॉ, पीसी के निर्देशक विकाश कुमार, मनीष वर्मा, विकास, पिंकू, राकेश, ऋषब, मुन्ना, मोंटी, शशि, द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर सुभारम्भ किया गया।
जहाँ स्थानीय आरा के लोगे ने कार्यक्रम प्रस्तूत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने पारंपरिक परिधानों में ढोलक और डांडिया की थाप पर नृत्य किया। इस दौरान, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने जमकर मस्ती की। अध्यक्ष ने बताया कि ह्लहमारा उद्देश्य शहरवासियों को पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना है। डांडिया नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से हमने यही कोशिश की है।ह्व डांडिया की सफलता को देखते हुए अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ राय ने कहा कि अगली बार की डांडिया हम किसी बड़े जगह पर करेंगे जितना ज्यादा भीड़ होगी उतनी ज्यादा हमारी संस्कृति का विकास होगा उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आए हुए सभी डांडिया प्रेमियों को आभार व्यक्त किया.

## जोवियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में छोटे छोटे बच्चे बच्चियों ने किया डांडिया प्रस्तुति

प्रातः किरण संवाददाता



आराःजोवियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में दशहरा कार्निवल के रूप में नवरात्रि में डांडिया का कार्यक्रम और रामायण की संक्षिप्त प्रस्तुति के ही साथ भगवान राम सीता एवं लक्ष्मण जी के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने की शानदार प्रस्तुति जोवियल बच्चों ने दी।
सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्य। आयुषी जैन एवं निर्देशक मनीष जैन के साथ ही प्रबंध समिति कि सदस्य दीप्ति जैन एवं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने माता दुर्गा के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती की। तत्पश्चात विद्यालय की छोटी-छोटी जोवियल छात्राओं ने जिन्होंने माता दुर्गा के 9 अवतारों की वेशभूषा में सुसज्जित किया था उनकी भी सामूहिक आरती एवं तिलक लगाकर जोवियल प्रांगण में उनका स्वागत किया गया। विद्यालय की प्राचार्य आयुषी जैन ने सभी उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों प्रेस बंधु एवं बच्चों की आज के इस समारोह में स्वागत किया एवं सभी के जीवन में मंगल कामना एवं नई ऊर्जा का संचार हो ऐसी शुभकामना प्रदान किया। आयुषी जैन ने बताया यह विद्यालय फ्रेंचाइजी के तहत बच्चों के रचनात्मक क्रियात्मक मानसिक शारीरिक शैक्षणिक एवं समग्र विकास पर जोड़ देता है जिससे कि भविष्य के लिए एक-एक संपूर्ण व्यक्तित्व के साथ देश के एक समर्पित राष्ट्र का निर्माण करने में उनकी भूमिका अदा हो सके।
विद्यालय के निदेशक मनीष जैन ने बताया की विद्यालय में फाइव फिंगर करिकुलम के माध्यम से बच्चों में स्टेम एजुकेशन के तहत उनको विभिन्न आयाम के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है जिससे कि बच्चों को पढ़ाई में आनंद आता है और वह रोज सुबह उठकर विद्यालय आने के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने बताया की विद्यालय संस्कार प्रदान करने वाला एक ऐसा विद्यालय है जो बच्चों को अपने परिवार समाज राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना के साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उसके पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक को एवं प्रबंधन के द्वारा मां दुर्गा की प्रसिद्ध गीत चलो बुलावा आया है ।

## पिरामल स्वास्थ्य संगठन के द्वारा सदर अस्पताल भोजपुर में डिफिकल्ट कन्वर्सेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

आरा , प्रातः किरण। पिरामल स्वास्थ्य संगठन के द्वारा सदर अस्पताल भोजपुर में डिफिकल्ट कन्वर्सेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई. आयोजित कार्यशाला में अस्पताल चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों की मदद से कठिन बातचीत को आसान तरीके से समझाने का प्रयास किया। डॉ के. एन. सिन्हा (अउटड) ने अस्पताल के सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने की अपील की। कार्यशाला में स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही अस्पताल में मरीजों कोबेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने पर चर्चा की। मौके पर डॉ अरुण कुमार (उर), शशिकांत कुमार (ल्टट), डॉ रवि रंजन (उ्ढट), आदि तथा पीरामल स्वास्थ्य से राहेल सुमिता, शिखा मिश्रा, राहुल, अवनीत, लोकेश, लक्ष्मी, संगीता, आदि उपस्थित थे।

## कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच के द्वारा कलम के जादूगर मुंशी प्रेमचंद का मनाया गया पुण्यतिथि




आरा , प्रातः किरण। कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच,जिला भोजपुर के बैनर तले मंगलम उत्सव पैलेस में लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं कलम के जादूगर मुंशी प्रेमचंद का पुण्यतिथि जिला अध्यक्ष मणी भुषण श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में आरा में मनाई गई ।जिसमें कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच के पदाधिकारी में सचिव सचिन सिन्हा, संयुक्त सचिव मनोज श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव एवं विनय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य राजेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित होकर दोनो कायस्थ विभुतियों को श्रध्दांजली दी। जिला अध्यक्ष मणी भुषण श्रीवास्तव ने कहा की इन दोनों विभुतियों ने अपने कार्य क्षेत्र में सम्पूर्ण भारत को अपने कार्य से आंदोलित कर क्रांति की अगुवाई कर देश को एक नई दिशा प्रदान की। इनके क्रांति का प्रभाव ये है कि आज के नेतृत्व कर्ता जे पी जी के और जनता प्रेमचंद जी लेखनी से आज भी प्रभावित रहते हैं।धन्यवाद ज्ञापन श्री सचिन सिन्हा ने किया।

## हरियाणा की जीत पर भाजपाईयों ने अबीर लगाकर और मिठाईयां बांट कर मनाया जश्न

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। हरियाणा और जम्मू काश्मीर विधानसभा चुनाया का परिणाम आते ही भाजपा कार्यकताओं मे खुशी का लहर दौड़ गया।भाजपा जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे हरियाणा मे ऐतिहासिक हैट्रिक जीत पर अबीर लगा कर और एक-दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनाया गया।उपस्थित नेताओ और कार्यकताओ ने इस दौरान नारे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सहि,हरेन्द्र पांडेय,प्रहलाद राय,सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, हरेराम चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह,अंबिका सहि,निशांत सिंह सेंगर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरियाण की जीत पर खुशी कश्मीर में जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा मे पहलवान, जलान,किसानो के पूर्ण समर्थन से हम लगातार तीसरी बार सरकार बना रहे है ।यह ऐतिहासिक जीत है ।जम्मू कश्मीर में पार्टी का प्रदर्शन सराहनीय रहा ।बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे धमार मे भाजपा की जीत पर खुशी मनाया गया। बड़हरा विधायक ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक जीत है ।हरियाणा मे जीत पर लोगो को संशय बना कर रखा गया था ।मीडिया द्वारा भी हरियाणा मे हार का आकलन किया गया था,लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत दिया ।यह जीत हरियाणा के जनता और कार्यकताओ की जीत है ।हरियाणा की जीत से देश के दिशा तय होंगे ।जम्म काश्मीर मे अनुच्छेद370 हटने के बाद पहली बार चुनाया होने ओर वहाँ की जनता द्वारा लोकतंत्र पर विश्वास केन्द्र सरकार की उपलब्धि है।

## नवरात्र के जलभरी शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल प्रशासन की देखरेख में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां की शोभायात्रा निकाली गई। श्री श्री दुगार्पूजा समिति आस्कामिनी नगर धारूपुर बिक्रमगंज की शोभायात्रा पूजा पंडाल से पूजा समिति के सदस्यों एवं पुलिस प्रशासन की सहयोग से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य तेंदुनी चौक से होते हुए शहर का भ्रमण कर शांतिपूर्ण काशी घाट पहुंची। जहां पर विद्वतजनों द्वारा काशी घाट पहुंच मां गंगा का आह्वान करते हुए कलश पूजन किया गया। तत्पश्चात कलश में जल भरकर मुख्य यजमान अपने दाहिने कांधे व सभी श्रद्धालु कलश का जल अपने माथे पर रख मुख्य पथ से होते हुए पूजा पंडाल पहुंचे । उसके बाद सभी जल को मां के पूजा पंडाल समीप रखा गया।

# रामलीला के छठे दिन राम सीता विवाह, राजा जनक द्वारा सीता की विदाई और दशरथ द्वारा राम को वनवास का हुआ मंचन

प्रातः किरण संवाददाता





आरा (भोजपुर) 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में आज छठवें दिन राम सीता का विवाह का गवाह बने दर्शक गण. राजा जनक द्वारा सीता की विदाई पर भर आई आंखें और मंथरा द्वारा कैकई को भड़काने और राजा दशरथ से अपने वरदान के फल स्वरुप राम को वनवास देने की मांग कैकई द्वारा की गई. पुत्र को वनवास की आज्ञा देने पर मजबूर हुए दशरथ को वियोगित होते देखा गया यह सारा दृश्य वृंदावन के मंडली द्वारा दशार्या गया. सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथियों के साथ समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया. अध्यक्ष सोनू राय ने कहा की पुत्र मोह और अयोध्या के लालच में कैकई ने राम को वनवास कराया. आज के लोग भी पुत्र मोह और संपत्ति के लालच में परिवार से अलग हो जा रहे हैं जिससे परिवार के साथ-साथ समाज का भी बिखराव हो रहा है. हमें एक दूसरे को जोड़ने की जरूरत है ताकि हमारा घर हमारा समाज हमारा संस्कृति बची रहे और उन्होंने हर पुत्र को अपने पिता की बात सुनने और समझने की भी बात कही ताकि राम के आदर्शों का पालन हो सके. संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद जी ने आए हुए अतिथियों का अभिवादन एवं आभार व्यक्त किया , रोटी बैंक के कार्यकताओं द्वारा भगवान राम के प्रसाद का भोग लगाने और उसके बाद प्रसाद वितरण का कार्य किया गया.
मुख्य अतिथि में डॉ विजय सिंह सर्जन, डॉक्टर अंकित सिंह दंत चिकित्सक, यशवंत सिंह, प्रिंसिपल विमल यादव ,संरक्षक श्री लाल दास राय, श्री श्री 1008 अयोध्या नाथ जी महंत बड़ी मठिया, समिति के मुख्य सदस्यों में उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता. सनी शाहबादी, विजय भारती, गौतम उर्फ.राजा, मदन प्रसाद ,शंभूनाथ केसरी संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद ,शत्रुघ्न प्रसाद और भी लोग मौजूद थे. मंच संचालन दिलीप गुप्ता जी ने किया, समिति के प्रवक्ता पंकज प्रभाकर ने यह जानकारी दी.

## शारदीय नवरात्रि के छठे दिन आरण्य देवी मंदिर में लोगों ने की पूजा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्रि के छठे दिन मंगलवार को देवी दुर्गा के छठे स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है। शाम चार बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। वही दंडाधिकारी की मौजूदगी में महिला-पुरुष पुलिस कर्मी सक्रीय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि षष्ठी तिथि की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट के कार्य में कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगरों की टीम जुट गई है।
श्रृंगार में देशी-विदेशी फूलों का उपयोग किया जाएगा। सप्तमी तिथि (बुधवार) की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि जदयू के जिला कार्यालय में मनी

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि जदयू के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई मौके पर मिथलेश कुमार ने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के रास्ते पर चलकर ही समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती है इस देश में समाजवाद के मजबूत स्तंभ रहे, इनकी भूमिका देश के आजादी में महत्वपूर्ण रही हैऔर संपूर्ण क्रांति का नारा देकर पूरे देश को नई दिशा देने का काम किया था` इस मौके पर जदयू प्रदेश सचिव सह पटना प्रमंडलीय प्रभारी जितेंद्र पटेल,प्रखंड अध्यक्ष केडी सिंह, अमरेश कुशवाहा ,मनोरंजन कुमार और गुड्डू पटेल, सुजीत रंजन मौर्य, महेंद्र यादव अनिल कुमार सहित अनेकों लोग शामिल थे।

### रॉयल स्टैग ने सूर्य कुमार यादव के साथ उत्सव अभियान किया शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

दुर्गापुर/आसनसोल। रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने टी20 क्रिकेट कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ अपना उत्सव अभियान #सेलिब्रेटलार्ज शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के साथ जुड़ना और उन्हें अपने अनोखे अंदाज में उत्सव मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जनरेशन लार्ज का सेलिब्रेशन लार्ज टैगलाइन के साथ अभियान ब्रांड के लिव इट लार्ज के सिद्धांत को दशार्ता है। यह 360-डिग्री जुड़ाव अभियान एक इमर्सिव एआई-संचालित अनुभव का लाभ उठाता है, जिसमें एक इंटरैक्टिव फिल्म और अफ-सक्षम उत्सव कैनवास शामिल है। परनोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान युवाओं को यादगार समारोह बनाने का मौका देता है, जबकि एफसीबी इंडिया के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर मयूरेश दुभाषी ने अभियान के इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म को आज के युवाओं को वास्तव में जिंदगी को खुलकर जीने के लिए प्रेरित करने का एक तरीका बताया।

### रोटरी क्लब द्वारा डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददात

गया।रोटरी क्लब ऑफ युवा गया ने सूर्य मंदिर कुजापी के निकट डेंगू के बढ़ते प्रभाव से बचाने के लिए वहां की बस्ती में डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर रोटरी युवा की डॉ तेजस्वी नंदन एवम अध्यक्ष अर्चना गोएंका ने ग्रामीण लोगो को डेंगू से बचाव की संबंध में जानकारी एवम सुझाव दिए हैं। इस मौके पर ग्रामीणों के बीच में मच्छरदानी एवम खाने पीने की सामग्री का वितरण किया गया है। इसके साथ में गलियों में कीट नाशक का छिड़काव किया गया है। इस अवसर पर रोटरी युवा की अध्यक्ष अर्चना गोएंका, डॉ तेजस्वी नंदन,ममता, आदित्य,राहुल, आंगनवाड़ी सेविका विधा सिंह, डॉ अनामिका, रविन्द्र , प्रहलाद एवम अन्य ग्रामीण लोगो ने सहयोग किया है।

### हरियाणा जीत मोदी नेतृत्व और संगठन के कुशल नेतृत्व की जीत : डॉ मनीष पंकज

प्रातः किरण संवाददाता

गया।हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत और जम्मू कश्मीर में पार्टी की शानदार सफलता पर भाजपा गया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की सुदृढ़ता का परिणाम है। उनके अनुसार, भाजपा ने विकास, जनकल्याण और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिसका नतीजा यह ऐतिहासिक जीत है जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में किसानों, महिलाओं और युवाओं कई काम किए।

# कुर्था में फूड प्वाइजनिंग से 63 स्कूली बच्चे बीमार, चार की हालत गंभीर

■ हॉस्टल में पढ़ने वाले छात्रों ने कहा कि खाने में मिला छिपकली

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था शकूराबाद मुख्य मार्ग पर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल नामक विद्यालय के हॉस्टल में रह रहे बच्चों के भोजन में मंगलबार को छिपकली गिर जाने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी के अनुसार फूड प्वाइजनिंग के बजह से 64 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों ने सभी बच्चों को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया हालांकि चिकित्सकों ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं साथ ही चार बच्चे को सलाइन किया जा रहा है जानकारी के अनुसार नेशनल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में लगभग 63 बच्चे रहते थे आम दिनों की तरह मंगलवार को भी हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को भोजन कराया गया भोजन करने के बाद बच्चे को कै दस्त व पेट दर्द की शिकायत होने लगी आनन फानन में सभी बच्चों को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी बच्चों को ओआरएस का घोल दिया गया।

इस वक्त स्कूली बच्चों ने बताया कि हम लोगों के लिए जो खाना बनाया गया था उसकी सब्जी में छिपकली गिरा हुआ था बावजूद उसे पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और वही भोजन हम लोगों को कर दिया गया जिसके वजह से हम लोगों के शरीर में इस तरह की शिकायतें होने लगी इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार ने बताया कि नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चे हॉस्टल में रहते थे जहां भोजन में छिपकली गिर जाने की बात बताई जा रही।

बच्चों में फूड प्वाइजनिंग का मामला हो गया हालांकि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं चार बच्चे की हालत गंभीर है जिसे सलाइंन किया जा रहा है वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक शशांक शेखर ने बताया कि नेशनल पब्लिक स्कूल नामक निजी विद्यालय के लगभग 63 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं बच्चों को ओआरएस का घोल दिया गया।

# डीएम ने पुजा पंडालों एवं विसर्जन घाटों का लिया जायजा ,डिग्री कॉलेज का भी किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा बेलखारा में नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के क्रम में कई आवश्यक जरूरी निदेश दिये गये। जिला पदाधिकारी द्वारा दुगार्पुजा को लेकर सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड एवं शहर तेलपा के विभिन्न स्थलों पर पुजा पंडालों एवं विसर्जन घाटों का भी जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में आम जनों से अपील की गई कि किसी प्रकार का सांप्रदायिक दंगा न फैलाएं एवं इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ शांति से मनाएँ। पंडाल जाने वाले रास्ते की संकीर्णता को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि ट्रैफिक का परिचालन सुचारू रूप से हो ताकि राहगीरों को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना न करना पड़े।

जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निदेशित किया गया कि पंचतीर्थ घाट को जहाँ पानी की गहराई ज्यादा हो, वहाँ बाँस से घेराबंदी कर देना है ताकि चिन्हित स्थल से आगे बढ़कर लोग स्नान आदि न करें।

सभी दुर्घटना प्रवण घाटों पर पर्याप्त मात्रा में गोताखोर प्रतिनियुक्त रहेंगे तथा ये सभी एक्टिव भी रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सकें। सभी पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला वोलेंटियर को नियुक्त करना अनिवार्य होगा।

महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग कतार बनाना है, ताकि किसी प्रकार के समस्या उत्पन्न न हो। सभी पूजा पंडाल के सुरक्षा कर्मी पुरी तरह से अपने उतरदायित्वों का पालन करेंगे। मौके पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी के साथ अन्य मौजूद रहे।

# कलेर पुलिस ने 540.61 गांजा किया बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील के निदेर्शानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुश्री कृति कमल के नेतृत्व में सोमवार की रात्रि में कलेर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार द्वारा एन०एच०-139 पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक छः चक्का का ट्रक औरंगाबाद के तरफ से आते हुए दिखाई दिया। शक के आधार पर वाहन को कलेर थाना द्वारा रोका गया। तभी पुलिस को देखकर वाहन चालक गाड़ी को तेजी से भगाने लगा। पुलिस द्वारा पीछा कर उसे कलेर बाजार के पास पकड़ लिया गया, परन्तु अंधेरे का फायदा उनकर वाहन चालक भागने में सफल रहा। उक्त वाहन का विधिवत जांच के उपरांत पाया गया कि गाड़ी में भारी मात्रा में गांजा लदा हुआ है। इस संबंध में कलेर थाना काण्ड सं० 131/24, दिनांक 08.10.2024 दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील ने बताया कि अरवल पुलिस द्वारा लगातार वाहनों की जा रही है इसी क्रम में एनएच139 पर कलेर पुलिस द्वारा रात्रि में वाहनों की जांच की जा रही थी इसी क्रम में विभिन्न वाहनों की जांच में हरियाणा नंबर का एक ट्रक पकड़ा गया था जिसमें 540.61 कि०ग्रा० गांजा बरामद हुई है जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिससे पूछताछ करने पर पता चला कि अंतरराज्यीय गिरोह है जो बिहार में सप्लाई के लिए लौंया है यह उड़ीसा से गांजा लाकर पूर्णिया सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने गाड़ी के उपचालक एवं लाईनर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बरामदगी 06 चक्का का एक ट्रक जिसका रजि० लफ67ए 5642 है, दो मोबाईल एवं एक ए०टी०एम० कार्ड तथा एक जीपीएस बरामद किया गया हैगिरफ्तार उपचालक विजय राय, उम्र-करीब 32 वर्ष, पिता रामबली राय, सा०-सैदाबाद दियर, थाना-राघोपुर, जिला-वैशाली एवं लाईनर मनीष कुमार, उम्र-करीब 20 वर्ष, पिता-गया राय, सा०-रामपुर, थाना-राघोपुर, जिला-वैशाली का रहने वाला बताया जाता है इस छापेमारी दल में कलेर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ,सं० अ० नि० हरेंद्र राम ,कलेर थाना सशस्त्र बल शामिल थे

# दूर्गापूजा को ले डीएम व एसपी ने दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

● आपसी सम्प्रदायिक भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील की संयुक्त अध्यक्षता में दूगार्पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के संबंध में विचार विमर्श के उद्देश्य से प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया कि यह पर्व भी आपसी सम्प्रदायिक भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना है। सभी पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला वोलेंटियर को नियुक्त करना अनिवार्य होगा। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग कतार बनाना है, ताकि किसी प्रकार के समस्या उत्पन्न न हो। सभी पूजा पंडाल के सुरक्षा कर्मी पुरी तरह से अपने उतरदायित्वों का पालन करेंगे। सभी पंडाल एवं मुख्य स्थलों पर सी सी टी वी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा एवं इससे संबंधित फ्लैक्स का चस्पा करना पंडालों में अनिवार्य होगा। सभी पंडालों में लाईट की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए। अग्नि की सुरक्षा हेतु सभी पंडालों में पर्याप्त मात्रा में अग्निशामक यंत्र एवं पानी, बालू वगैरह की व्यवस्था कर लेनी होगी। मूर्ति विर्सजन एवं रावण वध के समय पूरी तरह से चौकस रहकर भीड़ को नियंत्रित करना है। पुलिस प्रशासन को यातायात नियंत्रित करने हेतु भी निदेशित किया गया ताकि आम लोगों को किसी प्रकार का दिक्कत न हो। जो भी पूजा समिति के लोग पंडाल में मूर्ति स्थापित कर रहे है. उनको लाईसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पूजा समितियों को निदेशित किया गया कि सभी वालंटियर्स को फोटो युक्त पहचान पत्र जारी करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा विसर्जन जुलूस पर लाइसेंस की अनिवार्यता को स्पष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पुलिस चौकन्ना रहे एवं पेट्रोलिंग करते रहे। पंडाल लगाने एवं जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस के आवेदन ससमय जमा करा लें।

समय समाप्ति के बाद लाइसेंस के लिए कोई भी आवेदन थाने में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सभी लोग असमाजिक एवं शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखेंगे तथा जिला वासियों से विशेष आग्रह किया गया है कि यदि ऐसे तत्व नजर आते है तो इसकी सूचना वहाँ उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष को सूचित करेंगे। बैठक में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर एसपी ने सभी थाना अध्यक्षों के साथ की अपराध गोष्ठी बैठक



■ पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को मेंटेन रखने में किसी भी सूरत में ढिलाई नहीं बरतनी है:एसपी

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। दुर्गा पूजा को लेकर अरवल एसपी राजेंद्र कुमार भील ने सभी थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्टी बैठक किया। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा को लेकर सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को मेंटेन रखने में किसी भी सूरत में ढिलाई नहीं बरतनी है। सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम करने हैं। अपने अपने थाना में कड़ी निगरानी रखते हुए माहौल बिगाड़ने वालों को चिन्हित करें। चेक पोस्टों पर चेकिंग अभियान चलाएं। विधि व्यवस्था के मद्देनजर संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष विशेष रूप से सतर्क रहेंगे। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अपराध में कमी लाने का कड़ें निर्देश दिए। थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दियो इस बैठक में डीएसपी कृति कमल एवं अंचल निरीक्षक तथा सभी थाना अध्यक्ष मौजूद थें

# हरियाणा की जनता ने आशीर्वाद देकर यह तय कर दिया कि देश का विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है :धर्मेन्द्र तिवारी



प्रातः किरण संवाददात

अरवल। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर अरवल भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बधाई दिया । इसके साथ ही भाजपा कार्यकताओं में जश्न शुरू हो गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में अरवल भगत सिंह चौक पर भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जमकर आतिशबाजी किया, साथ ही भाजपा कार्यकर्ता ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया । मंगलवार सुबह शुरूआती रूझान में कांग्रेस आगे दिख रही थी, लेकिन बाद में पिछड़ गई। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी जलेबी बन रही थी, लेकिन राहुल गांधी फैक्ट्री में बना रहे थे।

हरियाणा की जनता ने कहा कि जलेबी फैक्ट्री में नहीं बनती, लेकिन हम आपकी जलेबी जरूर बना देते है। जनता ने राहुल गांधी की ही जलेबी बना दिया । जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आज फिर ऐतिहासिक दिन है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। जम्मू कश्मीर में भी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को जनता ने आशीर्वाद दिया है। आज हरियाणा की जनता ने आशीर्वाद देकर यह तय कर दिया है कि देश का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ है।

जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी के बूथ-बूथ के कार्यकताओं ने सजग प्रहरी की तरह काम किया उसी का परिणाम है कि हम हरियाणा में लगातार तीसरी बार विजय हासिल की और जम्मू कश्मीर में भी अच्छा प्रदर्शन किया। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृहमंत्री अमित शाह की अथक मेहनत और कार्यकताओं के प्रयास से संभव हो पाया। इस अवसर पर अरवल भाजपा नगर अध्यक्ष चंदन खत्री, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार, जिला महामंत्री कुशवाहा चंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता नन्द किशोर यादव, युवा मोर्चा से अमीत राय, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल जयसवाल, शेषनाग ठाकुर, रंजीत कुमार सहित अन्य नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहें ।

# दुर्गा पूजा बृहत पैमाने पर मनाने का निर्णय,तैयारी में कार्यकर्ता

प्रातः किरण संवाददाता

करपी । प्रखंड क्षेत्र के झिकटिया गांव में जागृति क्लब के द्वारा वृहद पैमाने पर दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय पर दिन रात काम कर रहे कार्यकर्ता व पूजा समिति के अध्यक्ष रविंद्र सिंह व सचिव अमित कुमार रिंटू ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम और दिन में रामलीला सह लंका दहन करने का निर्णय लिया गया है इस बार बड़े स्तर पर रामलीला सह लंका दहन के साथ दशहरा मनाया जाएगा अमर शहीद जगदेव प्रसाद खेल मैदान झिकटिया में रावण का पुतला दहन किया जाएगा रावण का पुतला 30 फीट कुंभकरण का पुतला 25 फीट और मेघनाथ का पुतला 20 फीट का बनाया जा रहा है इस कार्यक्रम में आसपास के दूर दराज गांव से हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे इसलिए बड़ा उत्सव की तैयारी की जा रही है इस मौके पर रामलीला सह लंका दहन के पात्रों की चयन करते हुए समाजसेवी डॉक्टर ज्योति उर्फ शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि जागृति क्लब झिकटिया के आग्रह पर पिछले साल2022 और 2023 में भी रामलीला लंका दहन का आयोजन किया गया था इस साल भी समिति के आग्रह पर पिछले साल से बड़े स्तर पर रामलीला सह लंका दहन का आयोजन किया जा रहा है डॉ ज्योति ने कहा कि ऐसे कार्य से समाज पर अच्छा प्रभाव पड़ता है बुराई पर अच्छाई की जीत लोग देखते हैं खेल मैदान में होने वाले पुतला दहन के समय संपूर्ण रामायण लंका दहन सहित रामलीला का दृश्य दिखाया जाएगा जो हर किसी का मन मोह लेगा यह सभी दृश्य खेल मैदान में फिल्मी शूटिंग की तरह होगा पर कलाकारों को रीटेक नहीं मिलेगा मौके पर पूजा समिति के सदस्य श्रोता विनोद कुमार रविंद्र सिंह रिंटू यादव नागेंद्र कुमार सुंदर मांझी जुदागी प्रसाद सुधाकर मंटू कुमार शशि रंजन चंद्रधारी सिंह हरेंद्र कुमार अमरेंद्र कुमार अरुण कुमार लक्ष्मण बिंद मंतोष कुमार गोलू कुमार आशीष कुमार रंजन गुड्डू कुमार अमित कुमार छोटू नीतीश कुमार आकाश कुमार रोहित कुमार रंजय कुमार संतोष कुमार कमलेश यादव सूरज कुमार पिंटू कुमार मोदी बिना प्रमोद पासवान अक्षय नाथ सिकंदर मांझी संजीव कुमार राम भवन यादव राजू कुमार वीरेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार लालू कुमार कर्मेंद्र कुमार विक्रांत कुमार सोनू कुमार ।

# आईएफसी ने क्लाइमेट लोन देने के लिए एक्सिस बैंक के साथ की साझेदारी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। विश्व बैंक समूह का सदस्य और सबसे बड़ा वैश्विक विकास संस्थान द इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन (आईएफसी) एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी कर रहा है, ताकि भारत में हरित परियोजनाओं के वित्तपोषण को बढ़ाने और ब्लू फाइनेंस मार्केट विकसित करने में मदद करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का लोन दिया जा सके। यह भारत में आईएफसी का पहला ब्लू निवेश है और देश में किसी वित्तीय संस्थान द्वारा किया गया पहला ब्लू ट्रांजैक्शन है। ब्लू लोन वित्त पोषण साधन है, जो जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन, समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, टिकाऊ शिपिंग, पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन और अपतटीय नवीकरणीय ऊर्जा जैसे निवेशों के लिए धन जुटाते हैं। यह लेनदेन देश में आईएफसी द्वारा किया गया सबसे बड़ा ग्रीन फाइनेंसिंग भी है। इस फंडिंग से एक्सिस बैंक को अपने जलवायु वित्त पोर्टफोलियो का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

एक्सिस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एंड चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर अमिताभ चौधरी ने कहा कि वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और पर्यावरण स्थिरता के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ बैंकों के लिए टिकाऊ ऋण प्रथाओं को अपनाना अनिवार्य है। हम आईएफसी के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जिसके साथ हम भारत में टिकाऊ वित्त को बढ़ावा देने के लिए मानकों और ऋण प्रथाओं को मजबूत करने का एकसमान दृष्टिकोण साझा करते हैं।

# इमामगंज-रानीगंज क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों और अवैध नर्सिंग होम का कहर: गरीब मरीजों से लाखों की वसूली, प्रशासन मौन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।इमामगंज और रानीगंज क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों और अवैध नर्सिंग होम की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। हाल ही की एक घटना ने फिर से इस मुद्दे को सतह पर ला दिया है, जहाँ एक महिला मरीज के साथ न केवल वित्तीय शोषण किया गया बल्कि उसकी जान को भी खतरे में डाला गया। बावजूद इसके, प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही सवाल खड़े करती है।इमामगंज नगर पंचायत के रानीगंज क्षेत्र में एक महिला, जिसे बच्चादानी की समस्या थी, डॉक्टर उपेंद्र कुमार के निशु नर्सिंग होम में इलाज के लिए पहुंची। डॉक्टर ने पहले ऑपरेशन का खर्चा 15,000 बताया, लेकिन बाद में अल्ट्रासाउंड कराने के बाद यह राशि 35,000 कर दी गई। ऑपरेशन के बाद महिला से 75,000 की मांग की गई और पैसे न देने पर उसे अस्पताल से छुट्टी नहीं दी गई है।महिला तीन दिनों तक तड़पती रही, लेकिन उसकी देखभाल सही से नहीं की गई। यूरिन ट्यूब तक नहीं निकाला गया, और महिला की हालत बिगड़ती गई है। जब मामला स्थानीय चैनल ॡसच बिहारॡ के संज्ञान में आया, तब जाकर डॉक्टर से बातचीत और झगड़े के बाद मरीज



को छुट्टी दी गई है।यह घटना कोई नई नहीं है। इमामगंज-रानीगंज क्षेत्र में निशु नर्सिंग होम में हमेशा मरीजों से अवैध पैसा और मरीजों के जान जाती रहती है।ऐसे कई फर्जी डॉक्टर और अवैध नर्सिंग होम धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। बिना किसी वैध लाइसेंस और चिकित्सा योग्यता के, ये डॉक्टर गरीब मरीजों से मनमानी रकम वसूलते हैं। आए दिन ऐसे मामले सामने आते हैं, जहाँ ऑपरेशन के दौरान या बाद में मरीजों की मौत हो जाती है, फिर भी इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से ये अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई छापेमारी नहीं की है, जिससे इन फर्जी डॉक्टरों का हौसला और भी बढ़ गया है।क्षेत्र के कई लोगों ने इन फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई है।

उनका कहना है कि गरीब और अनपढ़ लोगों को बहकाकर उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो और भी लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है।इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सरकार और प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे।

अवैध नर्सिंग होम और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर प्रबंधन और निगरानी की जानी चाहिए ताकि आम जनता सुरक्षित चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सके।

# दुर्गा पूजा एवं रावण वध में मार्ग परिवर्तन रहेगा, रुट चाट तैयार

गया। दुगार्पूजा-2024 के विजय दशमी रावण वध दिनांक-12.10को मनाया जाएगा। इस अवसर पर गया शहर के गाँधी मैदान में भव्य स्तर पर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहर एवं आस-पास के गांवों तथा दुर-दराज के देहाती क्षेत्रों से काफी संख्या में दर्शकों का भीड़ लगता है। इसके साथ ही उस कार्यक्रम समाप्ती के उपरान्त भीड़ अचानक एका-एक गाँधी मैदान से बाहर निकलते हैं। अतएव ऊस तिथि को गाँधी मैदान में आयोजित रावण वध कार्यक्रम के एक घण्टे पुर्व से समाप्ती तक निम्नांकित स्थानों को चिन्हित करते हुए यातायात प्लान तैयार की जो निम्नवत है:-रावण वध कार्यक्रम दिनांक-12.10.को समय 16:00 से कार्यक्रम समाप्ती तक का यातायात प्लान। परिचालन वर्जित मार्ग का प्लान। काशीनाथ मोड़ से गाँधी मैदान की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। जिला पदाधिकारी आवास सुधा डेयरी बुथ से गेवाल बिगहा मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

जे०पी० झरणा से गाँधी मैदान, गेवाल बिगहा मोड़ एवं काशीनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

समाहरणालय गोलम्बर से काशिनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। गेवाल बिगहा मोड़ से हरिदास



सेमीनरी, महारानी पेट्रोल पम्प के पास से होते हुए काशीनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

### वैकल्पिक मार्ग

गया रेलवे स्टेशन से सिकड़िया मोड़:- रेलवे स्टेशन बाटा मोड़ स्वराजपुरी रोड नगमतिया मोड़ से दहिने मुड़कर रेलवे अस्पताल होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे।गया रेलवे स्टेशन से घुघड़ी टॉड़ बाईपास की ओर जाने वाली गाड़ियां रेलवे स्टेशन मोड़ स्वराजपुरी रोड काशीनाथ मोड़ से वाएं मुड़कर समाहरणालय गोलम्बर तालाब मोड़ राजन्द्र आश्रम ,कोयरी बाड़ी होकर जाएंगे। यह मार्ग वन-वे रहेगा। सिकड़िया मोड़ से रेलवे स्टेशनः गया कॉलेज मोड पदाधिकारी आवास सुधा डेयरी बुथ से वाएं मुड़कर आशा सिंह मोड़ अथवा जिला अतिथि गृह मिर्जा गालीब डेल्हा पुल ,रेलवे अस्पताल होते हुए जाएंगे।चाँद चौरा, शहमीर तकिया मुन्नी मस्जिद की ओर से सिकड़िया मोड़ , रेलवे स्टेशनः- गेवाल बिगहा मोड़ जिला पदाधिकारी आवास सुधा डेयरी बुथ होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे, जो वन-वे रहेगा।

### पार्किंग स्थल

इस कार्यक्रम के अवसर पर आये दर्शकों के दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का पर्किंग स्थल निम्नवत है:- गया रेलवे स्टेशन परिसर ।हादी हासमी स्कूल स्वराजपुरी रोड गया। जिला स्कूल, गया।गया खेल परिसर का मैदान

### बेरीकेटिंग ड्रॉप गेट

काशीनाथ मोड़ पर समाहरणालय गोलम्बर की ओर से आने वाली रोड में। काशीनाथ मोड़ ए०पी०आर०, चर्च गेट एवं गाँधी मैदान की ओर जाने वाली रोड में।आई०एम०ए० हॉल की ओर जाने वाली रोड मोड़ पर।जे०पी० झरणा के पास मिर्जा गालिब कॉलेज की ओर से आने वाली रोड में।बिसार तालाब रोड मोड़ पर बिजली आफिस के सामने।जिला पदाधिकारी आवास (सुधा डेयरी बुथ के बाद) गेवाल बिगहा मोड़ की ओर जाने वाली रोड में।

## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। शारदीय नवरात्र पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय से आये गोरखा बटालियन के द्वारा रूट चार्ट के अनुसार गडहनी के विभिन्न गली मोहल्ला, चौक चौराहो सहित आरा सासाराम मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च किया गया।थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि प्रशासन शान्तिपूर्ण माहौल मे पूजा सम्पन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है।प्रशासन असमाजिक तत्वों, अपराधियों, नशेडियों पर पैनी नजर बनाये हुई है।वहीं उन्होंने नगर वासियो से अपील किया है कि आपसी सौहार्द के बीच त्योहार को मनायें।अगर किसी भी तरह की अशंका होती है तो प्रशासन को सूचित करें।पूजा पंडाल मे अथवा पूजा स्थल पर भुलेन्टियर तैनात रखें, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था रखें।

# ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## जनहित में विभागीय कर्मियों को निष्पक्ष भाव से कार्य करने का दिया संदेश

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बिहार सरकार ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त बिजय कुमार पांडे, निदेशक ड-ीआरडीए व अन्य संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी से लेकर सभी प्रखंड विक-ास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना,मनरेगा, जीविका, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत प्रगति की गहन समीक्षा की। आवास योजना संबंधी समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री द्वारा शत-प्रतिशत आवास स्वीकृति, राशि का भुगतान व आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपूर्ण आवासों का समीक्षा कर लाभुकों को जीविका व बैंक से सहयोग दिलवाकर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया जाय।

अवगत कराया गया कि बहुत जल्द ही आवास विहिन परिवारों का सर्वे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी गरीब लाभुक आवास का लाभ पाने से वंचित नहीं रहें। मनरेगा अन्तर्गत खेल का मैदान, आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, जी-विका भवन आदि निर्माण की समीक्षा की गयी। वही रोजगार का अवसर पैदा करने हेतु जीविका एवं मनरेगा के पदाधिकारी आपस मे समन्वय से कार्य करेंगे। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत शौचालय निर्माण में शत-प्रतिशत भुगतान एवं कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। जीविका अन्तर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि जीविका से जिला अन्तर्गत विशिष्ट उपलब्धि वाला कार्य कराया जाय ताकि जिला की प्रतिष्ठा में और वृद्धि हुई। बैठक समापन तहत मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को दूर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया।

# यात्रियों के लिए नवरात्रि स्पेशल थाली

- पटना जंक्शन सहित 150 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध नवरात्रि स्पेशल थाली
- ऑनलाईन ऑर्डर की भी है सुविधा, मोबाईल ऐप व वेबसाइट से ऑर्डर कर सकते हैं

प्रातः किरण संवाददात




पटना। त्योहारों के सीजन का उल्लास अब भारतीय रेल के स्टेशनों पर भी देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान जब यात्री अपनी मंजिलों की ओर रवाना हो रहे हैं, तो उनकी सुख-सुविधा का विशेष ध्यान रखने हेतु भारतीय रेल ने 150 से अधिक स्टेशनों पर नवारात्रि व्रत स्पेशल की थाली लॉच की है।

नवरात्रि के दौरान यात्रा करने वाले पैसेंजर्स अब अपने खाने-पीने की चिंता से मुक्त होकर सफर में स्वादिष्ट व्रत थाली का लुफ्त उठा सकेंगे।

पटना जंक्शन, मुंबई सेंट्रल, दिल्ली जंक्शन, सूरत, जयपुर, लखनऊ, लुधियाना, दुर्ग, चेन्नई सेन्ट्रल, सिकंदराबाद, अमरावती, हैदराबाद, तिरूपति, जालंधर सिटी, उदयपुर सिटी, बेंगलूरू कैंट, नई दिल्ली, ठाणे, पुणे एवं मैंगलोर सेन्ट्रल स्टेशन आदि जैसे लगभग 150 से अधिक स्टेशन पर नवरात्रि स्पेशल थाली की सुविधा उपलब्ध है। यात्री ऑन लाईन व मोबाईल ऐप के जरिए भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

यह स्पेशल व्रत की थाली खासतौर पर नवरात्रि के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसमें गुणवत्ता और पोषकता का विशेष ख्याल रखा गया है.

भारतीय रेल द्वारा नवरात्रि स्पेशल व्रत की थाली को मंगाने की प्रक्रिया को बेहद ही सरल बनाया गया है, जिसमें यात्री क्ष्ह्ळ्ळ्व की ऐप पर जाकर, केवल अपना ढ्थ्फ नंबर डालकर थाली को बुक कर सकते हैं, या ऑनलाइन क्ष्ह्ळ्ळ्व की ी-ूइेंल्ल्ॅ साइट पर जाकर भी इसे बुक कर सकते है, और कुछ ही समय के अंतराल में एकदम ताजा और शुद्ध व्रत का भोजन आपके पास उपल्बध हो जाएगा।

# भविष्य के लिये विज्ञान विषय पर कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




दरभंगा। महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर रसायन विभाग में भविष्य के लिये विज्ञान विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के आय-व्यय पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आय-व्यय पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार चौधरी ने कहा सभी छात्र-छात्राओं को कहा कि आज बोलने का नहीं बल्कि सुनने का दिन है। आज विभाग के लिये सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच आईआईटी रुड़की के केमिकल इंजीनियरिंग विषय के विद्वान शिक्षक प्रो प्रतीक कुमार झा संगोष्ठी के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता हैं। आपलोग सभी इनके व्याख्यान को सुने और लाभ उठाएं।रसायन विभागाध्यक्ष डॉ लोक नाथ झा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि एक शिक्षक के लिये इससे ज्यादा गर्व का क्षण क्या होगा जब उनके मार्गदर्शन में पढ़ा छात्र आज उनके सामने में मुख्य अतिथि बनकर व्याख्यान देने के लिये मंच पर विराजमान है। बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के केमिकल इंजीनियरिंग के शिक्षक प्रो प्रतीक कुमार झा ने भविष्य के लिये विज्ञान विषय पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से मानव सभ्यता के विकास के क्रम में बिग बैंक थ्योरी से लेकर आधुनिक दौर के विकास आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# बोधगया के महाबोधी मंदिर पर स्पेशल कवर का प्रसारित किया गया: वरिय डाक अधीक्षक

प्रातः किरण संवाददाता



गया।भारतीय डाक विभाग, गया ने एक महत्वपूर्ण समारोह के अंतर्गत आज दिनांक 08 अक्टूबर 24 को राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत फिलाटेलिक दिवस मनाया गया है ।इस कार्यक्रम को डाक प्रमंडल कार्यालय में आयोजित किया गया है ।इस समारोह में गया प्रमंडल क कर्मचारियों के साथ साथ नन्हे मुन्ने बच्चों की भी उपस्थिति थी जिन्होंने पीडीए अकाउंट खुलवाया था और इनको पुरस्कृत भी किया गया है । इस अद्वितीय समारोह में बच्चो को पु-रस्कार वितरण राम बिहारी राम, वरीय डाक अधीक्षक, गया प्रमंडल गया के द्वारा किया गया है।फिलटेली दिवस के मौके पर डाक अधीक्षक के द्वारा विश्व प्रसिद्ध बोधगया के महाबोधी मंदिर पर स्पेशल कवर का बिरुपन किया गया है।इस अवसर पर वरीय डाक अधीक्षक राम बिहारी राम ने राष्ट्रीय डाक सप्ताह में फिलाटेलिक दिवस के महत्व पर सभी का मार्गदर्शन किये है। इसके साथ ही राम ने भारतीय डाक की विशेषता, उसके अप्रतिम पहचान एवं भारतियों के मन में उसके प्रति विश्वसनीयता को उदघाटित करते हुए बताया कि भारतीय डाक हमेशा गया वासियों को बेहतर सेवा देने हेतु तत्पर है। इस अवसर पर गौतम कुमार, सुमित कुमार, नीरज आदि उपस्थित थें

# चौथी पुण्यतिथि पर याद किए गए रामविलास पासवान जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर । गोपाल विद्यार्थी` जिले के दानापुर प्रखंड क्षेत्र के दाऊदपुर में मंगलवार को लोजपा पटना जिला अध्यक्ष चन्दन यादव के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष चन्दन यादव ने की। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने स्व. पासवान के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं जिला अध्यक्ष चन्दन ने कहा कि हमारे नेता स्व रामविलास पासवान जी गरीबों दलितों और बेसहारों का नेता थे उन्होंने छः छः प्रधानमंत्री के साथ काम किया` चन्दन ने उनके द्वारा किए गए कई जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया। मौके पर पटना जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, पटना जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह उर्फ बुधन सिंह, पटना जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, पटना जिला महासचिव संजीव पासवान, मसौढ़ी प्रखंड अध्यक्ष सूचित पासवान, धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष अजय पासवान, विक्रम प्रखंड अध्यक्ष सुजीत सिंह, दिलीप यादव व रवि कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थें

## चैतन्य झांकियां का स्टेडियम में होगा प्रदर्शनी

पटना सिटी (प्राकि)। मंगल तालाब मनोज कमलिया स्टेडियम के पूर्वी गेट के पास प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की ओर से चैतन्य झांकियों का आयोजन किया गया है। सेंटर की प्रभारी ब्रह्म कुमारी रानी दीदी ने बताया कि 10 से 12 अक्टूबर तक चैतन्य झांकी पेश किया जाएगा। इसमें दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, ज्ञान गंगा और काली की जीवंत प्रदर्शनी होगी। 10 अक्टूबर सप्तमी को इसका उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव करेंगे। अष्टमी के दिन 11 अक्टूबर को एसडीओ सत्यम सहाय और 12 अक्टूबर को नवमी के दिन महापौर सीता साहू द्वारा उद्घाटन किया जाएगा।

## राष्ट्र रक्षा महायज्ञ का होगा अनुष्ठान व आरती

पटना सिटी ( )। राष्ट्र रक्षा और हिन्दू एकता के लिए सिद्ध शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी में नौ से 12 अक्टूबर तक राष्ट्र रक्षा महायज्ञ और शाम को भारत माता की आरती होगी। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के मार्गदर्शन में यह आयोजन होगा। श्री छोटी पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम के अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने बताया कि कलश स्थापना के दिन से ही श्री दुर्गा शप्तशती का पाठ चल रहा है। 11 अक्टूबर (महाअष्टमी व महानवमी) को माता जी को सवामणी प्रसाद का भोग लगेगा।

## दुर्गापूजा में तैनात रहेगा फायर यूनिट

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी फायर स्टेशन की ओर से दुर्गा पूजा में एक दर्जन स्थल पर फायर यूनिट की तैनाती की जाएगी। फायर अफसर गयानंद सिंह ने बताया कि शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी, अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर, सुल्तानगंज थाना, बहादुरपुर थाना, बैरिया, गायघाट सहित एक दर्जन स्थल पर फायर यूनिट तैनात किया गया है। चौक व बाइपास थाना में पहले से ही फायर यूनिट की तैनाती है। इसके अलावा फायरकर्मी दुगार्पूजा को लेकर अलर्ट पर हैं। पंडालों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# स्वच्छता का संदेश देने और डेंगू से बचाने सड़कों पर उतरे गया के मेयर, डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग सदस्य व पार्षद

प्रातः किरण संवाददाता




गया। स्वचछता ही सेवा है, इस मक-सद के साथ गया के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव शहर की सूरत बदलने निकले हैं। स्वच्छता को लेकर न सिर्फ लोगों को जागरुक कर रहे हैं, बल्कि अपने हाथों से झ-ाड़ू लगाकर बड़ा संदेश भी दे रहे हैं। पूरे दर्जनों संसाधनों के साथ टोटो से गया नगर निगम की टीम निकल रही है, जिसमें मेयर, डिप्टी मेयर स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव व पार्षद बैठकर शहर की सफाई का मुआयना कर रहे हैं। जहां भी गंदगी दिख रही है, उसे हटाया जा रहा है। वही फॉगिंग भी की जा रही है। आधा दर्जन से अधिक आधुनिक मशीनों से फॉगिंग का काम रोजाना कई वार्डों में चल र-हा है। एक और जहां लोग त्योहार की खुशियों में जुटे हैं तो दूसरी ओर मेयर डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव व पार्षद शहर के लिए स्वच्छता का ध्यान रख रहे हैं। वहीं जानलेवा साबित हो रही डेंगू को भी भागने की पूरी तैयारी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दूसरे दिन मंगलवार को शहर के वार्ड संख्या 9, 10, 11 और 12 वार्डों में स्वच्छता का अभियान चलाया गया है। मेयर गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य सह पार्षद मोहन श्रीवास्तव समेत पार्षदों की टीम टोटो से निकलते हैं फिर पैदल चलते हैं और स्वच्छता के अभियान में जुट जाते हैं। शहर के वार्डों में दो दिनों के भीतर सफाई को लेकर बड़ा अभियान चलाया गया है। वहीं डेंगू जैसी घातक बीमारी गया शहर में ना पनपे इसे लेक-र जबरदस्त तरीके से फॉगिंग कराई जा रही है। इस अभियान को देखकर शहारवासी काफी खुश हैं। क्योंकि एक और उन्हें सफाई तो दूसरी और डेंगू जैसी घातक बीमारी से दूर कर इस जानलेवा बीमारी से बचाने की कोशिश हो रही है। गौरतलब हो की गया में डेंगू का कहर देखने को मिला है। स्वच्छता के अभियान में जुटे सफाई कर्मियों को मेयर, डिप्टी मेयर व स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य के द्वारा सम्मानित भी किया गया है। सफाई कर्मियों को माला पहनकर सम्मान दिया गया।

# दानापुर और बेंगलूरू के मध्य परिचालित की जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । आगामी पर्व त्यौहरों कें दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और बेंगलूरू के मध्य चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 03245 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 16.10.2024 से 25.12.2024 तक प्रत्येक बुधवार को परिचालित की जाएगी । 2.गाड़ी सं. 03246 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 18.10.2024 से 27.12.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी । 3.गाड़ी सं. 03251 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 24 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 13.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को परिचालित की जाएगी । 4.गाड़ी सं. 03252 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 24 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 15.10.2024 से 01.01.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी । 5.गाड़ी सं. 03259 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 12 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 15.10.2024 से 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी । 6.गाड़ी सं. 03260 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 12 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 17.10.2024 से 02.01.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी । 7.गाड़ी सं. 03247 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 17.10.2024 से 26.12.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी । 8. गाड़ी सं. 03248 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 19.10.2024 से 28.12.2024 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी ।

# नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने स्वच्छता पखवाड़े के अन्तिम दिन पटना सिटी में कार्यक्रम आयोजित किया




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारत सरकार के युवा मामलो एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत गठित स्वायत्त संस्था ह्लनेहरू युवा केन्द्र संगठनह्व की पटना इकाई के तत्वावधान में संस्था ह्लराम जानकी प्रगति सेवा संस्थानह्व एवं ह्लसम्भवह्व की संस्थापिका-सह-सचिव अर्पणा बाला जी के नेतृत्व में चलाई जा रही ह्लस्वच्छता पखवाड़ेह्व के अन्तिम दिन मंगलवार को पटना सिटी के नारायणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता के आवश्यकता के सम्बन्ध में छात्राओं को अवगत कराया गया।

छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था ह्लसरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थानह्व के सचिव सुनील सरला की मंडली द्वारा बहुत ही प्रभावी ह्लकठपुतली नृत्यह्व प्रदर्शित किया गया जिसे काफी सराहा गया।

कार्यक्रम के अन्त में छात्राओं सहित सभी उपस्थित लोगो को स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहने और अपने सम्पर्क के लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

विद्यालय में कार्यक्रम के पश्चात अर्पणा बाला के नेतृत्व में जूलूस भी निकालकर विद्यालय के अगल-बगल के क्षेत्रो मे स्वच्छता के प्रति जनजागृति अभियान चलाया गया।

उक्त अवसर पर नारायणी कन्या विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर मोहम्मद नसीरूद्दीन एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता शम्मी कपूर एवं भोला प्रसाद संस्था के कार्यकर्त्ता शाकम्भरी, अंशुमाली, शिवम जी सहाय, सुन्दरम सहित बड़ी संख्या में संस्था के कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

## हरियाणा व जम्मू कश्मीर में भाजपा की जीत पर बिक्रम में भाजपाइयों ने मनाया जश्न



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा की जीत को लेकर मंगलवार को बिक्रम में भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया` मौके पर भाजपा बिक्रम नगर मंडल व ग्रामीण मंडल के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष तेज नारायण शर्मा व अविनाश उपाध्याय के नेतृत्व में ढोल नागरा बजाकर व मिठाइयाँ बांटकर जश्न का इजहार कियो वहीं वक्ताओ ने कहा कि जम्मु काश्मीर में भाजपा की शानदार जीत एवम हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत यह जीत लोकतंत्र की जीत है साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है` कार्यक्रम के दौरान पार्टी मुख्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल था, जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ईवीएम मशीन पर सवाल उठाना गलत : केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

प्रातः किरण संवाददाता



गया।हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले रुझानों को लेकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने गया में पत्रकारों से बातचीत में बड़ा बयान दिया है केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह समझना चाहिए कि एनडीए की स-रकार डेमोक्रेटिक सरकार है। जब हम जीतते हैं तो इल्जाम लगता है कि ईवीएम खराब है। वह जीत रहे हैं तो ईवीएम ठीक है? जीतन राम मांझी ने कहा कि जनता अगर उनको बहुमत देती है तो उनका हम स्वागत करते हैं. ।अब यह कहना कि संविधान खराब है, संविधान खतरे में है, यह कहना गलत है। संविधान खतरे में रहता तो वह चुनाव जीतते क्या? मेरे कहने का मतलब है कि चित भी उनकी और पट भी उनकी, यह कैसे चलेगा? यह नहीं चल सकता है।जनता का जो भी निर्णय होगा हम लोग उसे सर आंखों में रखेंगे,भारत का चुनाव आयोग बिना किसी भेदभाव के ठीक से चुनाव करा रहा है। इस चीज पर उनको विश्वास करना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के चुनावी रुझानों में पीछे होने पर जीतन राम मांझी ने कहा कि वहां के लोग अगर समझते हैं कि कांग्रेस की सरकार अच्छी है तो जनता का निर्णय सही है। इसका अच्छी तरह से विश्लेषण चुनाव के बाद ही एनडीए के लोग करेंगे।

# डांडिया क्वीन कोमल धानुका, बेस्ट डांसर कपल्स नेहा और ऋषभ को दिया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।इनर व्हील क्लब गया द्वारा रोट-री केंपस कि रोटरी डी एवीस्कूल के परिसर में डांडिया का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है ' इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गया का मगध रेंज के आईजी की पत्नी आरती सिंह तथा विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष की पत्न-ी नेहा त्यागराजन रही जिला अध्यक्ष की मां भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हू' अतिथियों का स्वागत शंखनाद के साथ पुष्पगुच्छ देकर किया गया है ' इस कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों तथा क्लब की पीडीसी और अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर किया है 'इसके बाद अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता राखी भदानी , सारिका कंधवे , अनामिका सिंह ,लीना गुप्ता तथा मनीषा भदानी द्वारा सुंदर स्तुति नृत्य प्रस्तुत किया गया है। तत्पश्चात छोटे बच्चों द्वारा डांडिया की गानों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई है । डांडिया के रंग-बिरंगे परिधान में लगभग 500 लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। सदस्यों के साथ उनके परिवार मित्र ने नवरात्रि का आनंद गानों के साथ नृत्य करके लिया है।इस कार्यक्रम में बेस्ट डांसर आकांक्षा जैन ,बेस्ट ड्रेस फीमेल अलका भदानी , पुरुष वर्ग में शुभम कुमार तथा बच्चों में क्रियान कुमार ,को दिया गया ।डांडिया क्वीन कोमल धानुका, बेस्ट डांसर कपल्स नेहा और ऋषभ को दिया गया है। इस कार्यक्रम के पहले 5 दिन का फ्री वर्कशॉप क्लब द्वारा सेरेमोनिया बैंक्विट में करवाया गया है ।पूरा कार्यक्रम तृप्ति गुप्ता की अध्यक्षता में राखी भदानी तथा डांडिया कमेटी के अन्य सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ है । अंत में सभी ने हयात पैलेस के स्वादिष्ट व्यंजनों तथा गोलगप्पे टिक्की ,मोमो और विभिन्न प्रकार के पेय का आनंद लिया है।

# हाइड्रोसिल मरीजों के ऑपरेशन का लक्ष्य करें हासिल :एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया । जिले के हाइड्रोसिल मर-ीजों के लिए खुशखबरी है।जिले के अनुमण्डलीय अस्पतालों में भी अब हाइड्रोसिल मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जा रहा है। मर-ीजों के लाइन लिस्टिंग व व्यवस्था को लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने इस सम्बन्ध में सभी जिले के सीएस को पत्र भेजकर अवगत कराया है। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले में 721 हाइड्रोसिल मरीज हैं। उन्होंने बताया कि इस महीने 15 हाइड्रोसिल मरीजों का ऑपरेशन हुआ है। इनमें गर्वमेंट अस्पताल बेतिया में 07, अनुमंडल अस्पताल बगहा में 03, अनुमंडल अस्पताल नरकटियागंज में 05 ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को मरीजों की लाइन लिस्टिंग कर मार्च 2025 तक सभी हाइड्रोसिल मरीजों की शल्य चिकित्सा कराने का निर्देश दिया गया है। बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल बगहा में 03 मरीजों का ऑपरेशन किया गया है। बाढ़ के कारण कार्य प्रभावित हुआ है। जल्द ही अन्य मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लाइन लिस्ट के अनुसार चिन्हित हाइड्रोसिल मरीजों को ऑपरेशन करवाने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शल्य चिकित्सा कराये जाने को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा सभी बैकलॉग को मार्च 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए अनुमंडल स्तर से हमलोग प्रयासरत हैं।

**वेक्टर जनित नियंत्रण कार्यालय के द्वारा तैयारी शुरू, मार्च तक लक्ष्य करना है हासिल**

डीभीबीडीसीओ डॉ एन के प्रसाद ने सभी 18 प्रखंडों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि हाइड्रोसिल के मरीजों को लाईन लिस्टिंग के अनुसार चिन्हित कर इनकी शल्य चिकित्सा कराना सुनिश्चित करें। इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ रेफरल अस्पताल/जिला अस्पताल/ अनुमंडलीय अस्पताल प्रक्रिया का पालन करते हुए कैम्प मोड पर शल्य चिकित्सा शिविर लगाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित करें।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्राइवेट अस्पताल में भी हाइड्रोसिल मरीजों की शल्य चिकित्सा हेतु प्रोत्साहन करते हुए ऑपरेशन किये गये आँकड़ों को भी इसमें शामिल करें।

इस कार्यक्रम के लिए जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं मोबिलाइजेशन पर ध्यान दें ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य मार्च 2025 तक प्राप्ति किया जा सके।

## नवरात्र के छठे दिन माता कात्यायनी की विधि विधान के साथ की गई पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी भोजपुर। नगर पंचायत गडहनी स्थित पुरानी बाजार शिव मंदिर के प्रांगण मे शारदीय नवरात्र के छठे दिन माँ दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया।आरती वंदन की गई, जयकारे लगाये गए।वहीं संध्या आरती मे सैकडों श्रद्धालुओ ने भाग लेकर आरती वंदन किया।वहीं पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र एवं प्रदीप ओझा ने माँ के स्वरूपों का वर्णन करते हुए बताया कि माता पार्वती का षष्ठम रूप कात्यायनी है। यज्ञ की अग्नि में भस्म होने के बाद महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर, माता ने उनके यहां पुत्री रूप में जन्म लिया था इसीलिए वे कात्यायनी कहलाती हैं।मां कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी भी कहा जाता है।मां कात्यायनी को लाल रंग पसंद है और उन्हें शहद का भोग लगाया जाता है।मां कात्यायनी की पूजा से इंसान अपनी इंद्रियों को वश में कर सकता है। मां कात्यायनी की पूजा विवाह संबंधी मामलों में अचूक मानी जाती है। मां कात्यायनी को ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। विवाह मे बिलंब बाधा व दाम्पत्य जीवन मे बाधा उत्पन्न होने पर माँ की आराधना फलीभूत होती है।आरती वंदन मे सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, राहुल कुमार, दीपक केसरी, भीम कुमार सोनी, सुमन कुमार चौरसिया, समर गुप्ता, राजू कुमार एवं मृत्युंजय सिंह उर्फ रामभरोसा, पंकज कुमार एवं सोलू कुमार, धनजी शर्मा उर्फ भुअर, दीपक सोनी, रितेश गुप्ता, मनीष कुमार, शंभू कुमार, सोनू कुमार, हर्ष कुमार एवं करिमन कुमार, राम विष्णु राम उर्फ वीरेन्द्र राम, मुन्ना बारी, अशिम कुमार राय उर्फ टुनटुन बाबा, सुनील कुमार केसरी, बुधन, पीर मोहम्मद एवं राजेश सोनी सहित सैकडों शामिल रहे।

